इंदौर
मंगलवार
24 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 160

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in




आज कार्तिक पूर्णिमा पर सुबह हुआ आस्था का स्नान, शाम को दीपदान

मंगलवार.एजेंसी। आज कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर उज्जैन में क्षिप्रा से लेकर ओंकारेश्वर में नर्मदा के तट तक आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह-सुबह लोगों ने इन पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाई और दान-पुण्य किया। देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी लोगों ने गंगा-यमुना-सरयू नदियों में आस्था की डुबकी लगाई। शाम को नदियों के अलावा तालाबों पर भी दीपदान किया जाएगा।

उज्जैन से जा रही बस धार के पास पलटी, तीन हादसों में 4 छात्रों सहित 9 की मौत, कई घायल

मंगलवार.एजेंसी। धार में इंदौर-अहमदाबाद रोड पर आज सुबह उज्जैन से मोरबी जा रही बस पलट गई जिससे 8 यात्री घायल हो गए। इसी तरह बिहार के लखीसराय-जमुई मुख्य मार्ग पर कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 3 अन्य लोग घायल हो गए। उधर उत्तरप्रदेश के कन्नौज में पिकनिक पर जा रहे छात्रों की स्कूल बस को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे 4 बच्चों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए।



बिना हिजाब के गाना गाने पर ईरानी गायिका को पड़े 74 कोड़े

तेहरान.एजेंसी। ईरान में ईरानी गायिका परस्तू अहमदी और उनकी टीम के चार सदस्यों को 74-74 कोड़े मारे गए। ये सजा जून में ही मुकर्रर की गई थी लेकिन 23 नवंबर को इसे अमल में लाया गया। ईरानी गायिका का कसूर यह था कि वह एक वीडियो में बिना हिजाब के गाना गाती दिखी थीं।

राम नगरी से सीता नगरी पहुंची ट्रेन

मंगलवार.एजेंसी। भगवान राम की नगरी अयोध्या से पहली सीधी ट्रेन सीताजी की जन्मस्थली जनकपुर (नेपाल) पहुंच गई। कल प्रधानमंत्री मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह ट्रेन 20 घंटे में जनकपुर पहुंची।

16 दिसंबर को बांग्लादेश लौटेंगी शेख हसीना...

मंगलवार ● एजेंसी



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना 16 दिसंबर को भारत से बांग्लादेश लौटने वाली हैं, जो 1971 के मुक्ति संग्राम की जीत की वर्षगांठ का दिन है। यह पहली बार है जब उन्होंने वापसी की निश्चित तारीख घोषित की है।

इसके लिए उन्होंने बांग्लादेश सरकार से दिल्ली विमान भेजने की मांग की है। वे सरकारी एयरलाइन बांग्लादेश के विमान से ढाका लौटना चाहती हैं। करीब दो साल से वे भारत में रह रहीं हैं। उनका कहना है कि बांग्लादेशी विमान से उन्हें भारत लाया गया था इसलिए वापसी के लिए भी अब बांग्लादेश सरकार विमान का इंतजाम करे।

हसीना के समर्थकों पर हमला

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के गृह जिले में उनकी पार्टी आवामी लीग के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमला हुआ है जिसमें 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमले के दौरान देसी बम फेंके गए और गोपालगंज में कई घरों व दुकानों में तोड़फोड़ की गई।

बिहार, बंगाल, झारखंड के साथ कई देशों में भूकंप, घरों से निकले लोग

मंगलवार.एजेंसी। भारत के बिहार, बंगाल, और झारखंड में आज सुबह-सुबह भूकंप के झटके आए जिसकी तीव्रता 5.4 रही। भारत के अलावा चीन, भूटान, बांग्लादेश और पाकिस्तान में भी ये झटके महसूस किए गए। बिहार में पटना, दरभंगा, सुपौल, अररिया, सिवान सहित कई जिलों में झटके आए।

इसी तरह बंगाल के जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, कूचबिहार में झटकों से दहशत फैल गई। बिहार में लोग घरों से बाहर निकल आए।



वीर सावरकर के परिवार ने सोनिया को भेजा नोटिस

मंगलवार.एजेंसी। स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के पौत्र के बेटे सत्यकी सावरकर ने सोनिया गांधी को कानूनी नोटिस भेजकर उनकी किताब में सावरकर के बारे में लिखी गई दो टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। उधर राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर कर सोनिया-प्रियंका के साथ अपनी बचपन की यादें बताई।

शादी से लौट रहे जीजा-साले सहित 3 की मौत

सतना.एजेंसी। मध्यप्रदेश के सतना में आज तड़के तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे शादी से लौट रहे बाइक सवार जीजा-साले सहित 3 की मौत हो गई।

मप्र के बैतूल में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

बैतूल.एजेंसी। पति के लापता होने पर थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने वाली पत्नी ही उसकी हत्या की मुख्य आरोपी निकली। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की और शव को जंगल में नाले के पास रेत में दफना दिया। पत्नी सागर यादव और उसके प्रेमी ओमप्रकाश यादव को गिरफ्तार किया।

गिरधरलाल शारदा (पूर्व अध्यक्ष) श्री माहेश्वरी समाज, इन्दौर जिला
सी.ए. गिरीश शारदा, सौ. मंजू शारदा, मुकुंद शारदा

- शारदा कॉमोडिटीज प्रा.लि.
  सदस्य- नेशनल बोर्ड ऑफ टेड लि. एनसीडीएक्स लि., एमसीएक्स लि., (कॉमोडिटीज व्यवसाय)
- शारदा एण्ड कंपनी
  सदस्य- मध्यप्रदेश स्टॉक एक्सचेंज लि., बी.एस.ई. टर्मिनल(शेयर व सिक्यूरिटीज व्यवसाय)
- शारदा टेक्सटाइल्स
  (फलालेन कपड़े के निर्माता)
- शारदा डेरिविटिज प्रा.लि., इन्दौर
  (डेरिविटिज कॉमोडिटिज व सिक्यूरिटीज व्यवसाय)
- शारदा डेवलपर्स (टाउनशिप डेवलपेंट)

टाउनशिप – शारदा ग्रीन्स (बेटमा)
शारदा पैराडाइस (नावदा पंथ)

फैक्ट्री- 34/ए, पोलोग्राउण्ड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, इन्दौर फोन : 4207984
ऑफिस : 201, सांघी मेनोर बिल्डिंग 6/2, वायएन रोड, तलवलकर जिम के सामने, इन्दौर-3
0731-2431810 Email : gksharda@yahoo.co.in



शहर कांग्रेस और निगम नेता प्रतिपक्ष ने अलग-अलग सौंपे ज्ञापन

सब्जी व्यापारी बस भरकर पहुंचे थे, सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद पाण्डे ने कहा 14 से 15 हजार वेतन वाले पार्षदों के पास बड़ी गाड़ी कहां से आती है, सब्जी विक्रेताओं ने कहा महापौर-विधायक की लड़ाई में हमारा नुकसान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





शहर कांग्रेस और निगम में नेताप्रतिपक्ष ने कल नगर निगम के घेराव का ऐलान सब्जी व्यापारियों और कांग्रेसियों के साथ किया था। कांग्रेसियों की बहुत ज्यादा भीड़ नहीं हो पाई थी, लेकिन सब्जी व्यापारी जरूर बस भरकर नगर निगम मुख्यालय पहुंच गए थे। सब्जी व्यापारियों को कांग्रेसियों की ही आस दिख रही है। कल कांग्रेस में भी दो खेमे नगर निगम और शहर कांग्रेस के अलग-अलग इसलिए दिखाई दिए कि दोनों के ज्ञापन अलग-अलग बनकर आए थे और अलग-अलग ही ज्ञापन नगर निगम अधिकारी को सौंपे गए। दोनों कांग्रेस की प्रदर्शन की घोषणा में सब्जी मंडी से हटाए गए व्यापारी निगम प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे और उन्होंने भाजपा नेताओं को जमकर कोसा और कहा कि महापौर व विधायक के झगड़े में हमारा नुकसान हुआ है। सब्जी व्यापारियों ने यह भी कहा कि पूंजीपति और बड़े व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए यह मंडी हटाई गई है। उल्लेखनीय है कि मंडी हटाने के एक दिन पहले ही स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर पालिक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। महापौर, एमआईसी सदस्य और वरिष्ठ सदस्यों ने दिल्ली में सम्मान प्राप्त किया था और दूसरे दिन फूटी कोठी रिंगरोड से सब्जी मंडी व्यपारियों को हटा दिया। कल कांग्रेस और सब्जी व्यापारियों ने आरोप लगाया कि जब मंडी हटाई गई तो विरोध के दौरान पुलिस ने बल प्रयोग भी किया था। कांग्रेस ने कहा कि गरीबों पर हो रहे अन्याय को वह सहन नहीं करेगी और आगे भी लड़ाई लड़ते रहेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे नगर निगम प्रदर्शन के दौरान आक्रामक दिखे।

कांग्रेस के दो ज्ञापन से दिखी दूरी

कल शहर कांग्रेस और पार्षद दल ने निगम पर सब्जी व्यापारियों और कांग्रेसियों के साथ प्रदर्शन का ऐलान कर ज्ञापन की घोषणा की थी। शहर कांग्रेस और पार्षद दल की एकजुटता में दरार और दूरी उस समय दिख गई जब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे और निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने अलग-अलग ज्ञापन अपर आयुक्त मनोज कुमार पाठक को सौंपे, जबकि मौजूद पार्षद और कांग्रेसियों का मानना था कि एक ही ज्ञापन दिया जाना था। कांग्रेसियों की भीड़ भी कल कम नजर आई। शहर पदाधिकारी से लेकर अन्य मोर्चा और प्रकोष्ठ पदाधिकारी, ब्लॉक व मंडलम अध्यक्ष भी नदारद थे और तो और जिस विधानसभा 4 से जुड़ा सब्जी मंडी का मुद्दा उसके ही पदाधिकारी और जिम्मेदार नदारद थे। अगर सब्जी व्यापारी बस भरकर नहीं आते तो भीड़ भी मुट्ठीभर दिखती।

उन्होंने कहा कि सब्जी व्यापारियों की लड़ाई कांग्रेस लड़ती रहेगी। आज फिर कांग्रेसी फूटीकोठी से हटाए गए सब्जी व्यापारियों के बीच पहुंच गए। सब्जी व्यापारी यही कहते दिखे कि विधायक और महापौर की लड़ाई में हमारा नुकसान हो गया है। कांग्रेस की मांग यही है कि फ्लाय ओवर के नीचे सब्जी व्यापारियों को दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। पहले भी निगम ने राजकुमार मिल, भंडारी मिल और बंगाली चौराहा फ्लायओवर ब्रिज के नीचे सब्जी मंडी लगाने की छूट दी है। इसी तरह फूटीकोठी क्षेत्र के फ्लाय ओवर ब्रिज के नीचे सब्जी की दुकाने लगाने की छूट दी जाए। प्रमुख रूप से चिन्टू चौकसे, सोनिला मिमरोट, राजेश चौकसे, अमन बजाज, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, यशस्वी पटेल, अमित पटेल, सादिक खान, अनवर दस्तक, रफीक खान, देवेन्द्र यादव, प्रमोद द्विवेदी, नीलेश सेन, बंटी बदलानी, रविकांत मिश्रा, सीमा सोलंकी, अंसाफ अंसारी, राजू भदौरिया सहित अन्य मौजूद थे।

पाण्डे ने पार्षदों को लपेटा

सामाजिक कार्यकर्ता एवं विगत कुछ माह से चर्चा में रहने वाले प्रहलाद पाण्डे भी कल इस ज्ञापन प्रदर्शन के दौरान निगम पहुंचे थे और उद्बोधन में पाण्डे ने कहा कि सरकार कोई भी हो जनता से बड़ी सरकार नहीं होती है। जनता का फैसला सरकार को स्वीकार करना चाहिए। पाण्डे ने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनसे भी पूछ लो कि यह भी कभी सत्ता में आएंगे तो काम करेंगे या नहीं। पाण्डे ने पार्षदों को भी लपेट लिया और कहां कि पार्षदों का वेतन नगर निगम से 14-15 हजार रु. मिलता है और पार्षद बनने के कुछ दिन बाद ही बड़ी-बड़ी गाड़ियों में घूमने लगते हैं यह पैसा कहा से आता है। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पार्षद भी वहां खड़े थे वे बगले झांकने लगे।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष खरे का किया सम्मान

समर्थकों ने मंदिर में की पूजा सेवा कार्य भी किए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. निशांत खरे का जन्मदिन विधानसभा पांच से जुड़े उनके समर्थक भाजपा नेता जसराज शर्मा और सदस्यों ने सेवा कार्य कर विभिन्न मंदिर दर्शन कर मनाया गया। खरे के निवास पर पहुंचकर जसराज शर्मा और मंडली ने खरे का स्वागत कर बधाई भी दी। शर्मा ने कई स्थानों पर सेवाकार्य कर खरे के अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी उम्र की कामना भी की। खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, दिव्य शक्तिपीठ पहुंचकर भगवान से मंगल कामना की। जरूरतमंदों को एमवाय अस्पताल में भोजन वितरण भी किया। जसराज शर्मा, पार्षद महेश बसवाल, मलखान कटारिया, नरेश पुरोहित, भगवती उपाध्याय, सुनील सिंह, राम मीणा, राम यादव, जितेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, अभिषेक शुक्ला, राकेश बघेल, सुरेंद्र सेन, कपिल बघेल, देवीसिंह, सौरभ एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

ॐ नमः शिवाय के सामूहिक जाप में विजयवर्गीय हुए शामिल



कीर्तन भी गाया और ॐ नमः शिवाय जाप का महत्व भी बताया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 के वार्ड 4 में देव से महादेव वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले ॐ नमः जाप का आयोजन करवाया। शिक्षक नगर उद्यान में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में वार्ड से जुड़े भाजपाई, रहवासी मौजूद रहे। विजयवर्गीय ने मंच पर ॐ नमः शिवाय जाप का महत्व विस्तार से बताया और कीर्तन भी गाया और कई रहवासी, नेता, कार्यकर्ताओं के नाम लेकर उनकी तारीफ भी की। ॐ नमः शिवाय का जाप भी सामूहिक रूप से किया गया। बट्टो ने शिव प्रतिमा की स्थापना के समय मंत्रोच्चार भी किया था। महेश दलोद्रा, घनश्याम काकाणी, बरखा नितिन मालू, अशोक चौहान चांदू, देवेन्द्र ईनानी, सत्यनारायण प्रजापत, सन्नी तिवारी, राखी विजयवर्गीय, गगन यादव, शिवम कछवा, शीला गुप्ता, मंजू ठाकुर, भोला यादव, शुभम सोलंकी, सुरेन्द्र त्रिवेदी, कमलेश पांचाल, योगेश पांचाल, नागेन्द्रसिंह चौहान, अजय कुशवाह, सहित अन्य मौजूद थे।

पूर्व विधायक ने की किष्किंधा धाम में शिरकत



आयोजन से जुड़े थे भाजपा नेता गर्ग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नेता और अग्रवाल समाज से जुड़े रजत गर्ग ने बताया कि किष्किंधा धाम मंदिर रंगवासा राऊ में 56 भोग अनकूट महोत्सव का आयोजन गादी धारक सेवक उमंग गिरधारीलाल अग्रवाल के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, भाजपा कोषाध्यक्ष सचिन बंसल, श्याम दुबे, ओम शर्मा, अनिल पाटीदार, महेंद्र राजपूत, प्रकाश ठाकुर, अंकुर मित्तल, निरंजन अग्रवाल, नितिन पोद्दार, पवन सिंघल, विवेक अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से सहकोषाध्यक्ष की मुलाकात



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश सहकोषाध्यक्ष दीपक जैन टीनू ने पद के बाद पहली बार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भोपाल में मुलाकात की। टीनू ने खंडेलवाल का स्वागत कर आभार भी माना।







मकान टूटने के दर्द पर मरहम लगाने पहुंचे पटवारी और कांग्रेसी

कल जब टूट रहे थे तब कोई भी कांग्रेसी नहीं पहुंचा और आज लकीर पीटने पहुंच गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



न्यायालय के निर्देश पर कल निगम और प्रशासन ने कई मकानों पर एक साथ कई अधिकारी और पुलिस की मौजूदगी में पोकलेन लगाकर बेदर्दी से मकान नेस्तनाबूद किए गए थे। कल जब यह मकान टूट रहे थे तब एक भी कांग्रेसी यहां नहीं पहुंचा था और ना ही कांग्रेस की ओर से कोई बयान जारी हुआ था। यह बयान जरूर जारी हुआ थो कि टूटे हुए मकान के परिजनों से मिलने आज पटवारी पहुंच रहे हैं और आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कृष्णबाग कालोनी पहुंचे उनके साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे और निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट, कांग्रेस नेता अमन बजाज, राजू भदोरिया, दिलीप सुरागे सहित अन्य पहुंचे थे। टूटे मकान के दर्द से कराह रहे लोग जरूर पटवारी के सामने अपने आपको ठगा बता रहे थे। मकान टूटने के दर्द पर रहवासियों के बीच मलबे पर खड़े होकर पटवारी, चौकसे सहित अन्य कांग्रेसियों ने मरहम लगाने की कोशिश की। कल से लेकर आज तक कोई भाजपाई भी यहां झांकने भी नहीं आया।

अब जब मकान टूट चुके है तो उनकी लकीर पीटने कांग्रेसी पहुंचे, लोगों ने अपना दर्द भी बयां किया, लेकिन अब बचा कुछ नहीं है, लोग बोले हम बर्बाद और बेघर हो चुके हैं। हमें पूरी तरह ठगा गया है, हमारा दोष क्या था। निगम ने नक्शे पास किए, विद्युत मंडल ने कनेक्शन दिए, हमने नगर निगम को सभी कर जिसमें सम्पत्ति कर, जल कर, कचरा कर भी भरा है तब भी हमें किसी ने नहीं रोका कि हमने गलत जगह लेकर गलत निर्माण किया है। पीड़ितों के बीच बातचीत से राहत का मरहम लगाया, बाकी कांग्रेसी चुपचाप खड़े रहे।

कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट तक जाएगी, कोर्ट और वकील का खर्च भी उठाएगी, कल कलेक्टर से मिलेंगे पटवारी

कृष्णबाग कालोनी के टूटे मकानों के मलबे के ढेर पर खड़े जीतू पटवारी ने पीड़ितों की मौजूदगी में कहा कि आपकी लड़ाई कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेगी इसका पूरा खर्च कांग्रेस पार्टी उठाएगी, अच्छे से अच्छा वकील भी हम करेंगे। इससे पहले कल जिलाधीश से भी मुलाकात पटवारी की होगी। वे इस मामले में चर्चा करेंगे उसके बाद भी अगर पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो घेराव और अन्य प्रदर्शन भी करने की चेतावनी पटवारी ने दी है। अगर आगे कुछ होता है तो पटवारी बोले मैं खुद तोड़फोड़ के दौरान खड़ा रहूंगा।

कृष्णबाग कॉलोनी में मोबाइल टॉवर कैसे लगा- कांग्रेस

दोषी अधिकारियों को कब मिलेगी सजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जिस कृष्णबाग कालोनी में कल कई मकान अवैध बताकर तोड़े गए उनमें से एक मकान में मोबाइल टॉवर लगा था वह मोबाइल टॉवर अवैध मकान में कैसे लग गया था। द्विवेदी ने यह भी कहा कि कृष्णबाग मामले में जो-जो दोषी अधिकारी है उन्हें सजा मिलना चाहिए, यह सजा उन्हें कब मिलेगी। न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई हो गई, लेकिन पहले अधिकारियों ने कैसे इन मकानों की स्वीकृति दी और एक मकान पर तो मोबाइल टॉवर की स्वीकृति दे दी। इस मामले में निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों पर भी तत्काल कार्रवाई होना चाहिए। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि इंदौर एवं मप्र में मोबाइल टॉवर बहुत-सी जगह पर गैर कानूनी ढंग से, बिना अनुमति के लगाए गए हैं तो बहुत सी जगहों पर कमजोर एवं सालों पुराने भवनों पर लगाए गए हैं। हालात यह है कि इंदौर एयरपोर्ट के टनल क्षेत्रों में अवैध मोबाइल टॉवर लगे हुए हैं। द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम इंदौर ने कुल 173 मोबाईल टावर की अनुमति दी है, ऐसी सूची जिला पंजीयक को दी है शेष क्या अवैध है, तो फिर अधिकारियों पर कार्यवाई क्यों नहीं, जबकि मोबाइल कम्पनी भी पूरे कागजात चेक करवाने के बाद ही टॉवर लगाती है। द्विवेदी ने कहा कि कृष्ण बाग में मोबाईल टावर सही लगा था या गलत इसकी भी जांच होना चाहिए। द्विवेदी ने सवाल यह भी उठाया कि गृह निर्माण सहकारी संस्था सहकारिता अधिनियम अनुसार आवासहीन सदस्यों खातिर भूमि खरीदती है वह बिना सदस्यों की साधारण सभा किए सहकारिता विभाग की विधिवत अनुमति प्राप्त किए किसी बिल्डर या अन्य को भूमि नहीं बेच सकती तो सवाल यहां सहकारिता विभाग आगे तक अदालत की लड़ाई क्यों नहीं लड़ा? मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग ने गृह निर्माण सहकारी संस्था की रजिस्ट्री पर स्टाम्प ड्यूटी क्यों नहीं ली, नोटिस जारी क्यों नहीं किया, सिलिंग प्रभावित भूमि थी तो जिला कलेक्टर कार्यालय ने गृह निर्माण सहकारी संस्था को नोटिस जारी क्यों नहीं किया। द्विवेदी ने कहा कि आईडीए की जमीन पर अवैध ढंग से कालोनी काटी गई और आखिर में न्यायालय ने कार्रवाई करने के आदेश दिए।



महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किए श्रद्धासुमन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी ने नागोरा परिवार के बीच पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और मृतक के चित्र पर पुष्पांजलि भी दी।





पूर्व मुख्यमंत्री को याद किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी की पुण्यतिथि अवसर पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित, सुमित गर्ग, सुनील प्रजापत, श्रीचंद पाल, सुदीप पाठक सहित अन्य ने चित्र पूजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जोशी के आदर्श पर चलने का संकल्प भी लिया गया।

केन्द्रीय मंत्री ने किया बाजार का शुभारम्भ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कल सात दिवसीय राज्य स्तरीय 'आदि बाजार' का शुभारंभ किया और उदबोधन भी दिया। यह बाजार 29 नवम्बर तक हाट बाजार में आयोजित होगा। इस बाजार में देश के विभिन्न राज्यों के जनजातीय शिल्पकार अपने पारंपरिक हस्तनिर्मित उत्पादों, कलाकृतियों और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं। प्रीति मैथिल, पीएम खदाने, योगेश यादव सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



शंकराचार्य से लिया आशीर्वाद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जगद्गुरु शंकराचार्य वीधु शेखर भारती से इंदौर आगमन के दौरान संगम नगर पहुंचकर कांग्रेस नेता जीतू दीवान और सचिन सेन ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

सरकारी स्कूल के बच्चों को राजनेताओं की मौजूदगी में स्वेटर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कृष्णादेवी गुप्ता पारमार्थिक ट्रस्ट के बैनरतले रमेश गुप्ता, दीपक गुप्ता द्वारा कृष्णादेवी गुप्ता की पुण्यतिथि 26 नवम्बर को दोपहर 2 बजे छावनी हाट मैदान स्थित अग्रवाल कन्या विद्यालय पर करीब 250 स्कूली बालिकाओं को स्वेटर एवं अन्य उपहार भेंट किए जाएंगे। भाजपा के विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद मृदुल अग्रवाल, कांग्रेस नेता अरविन्द बागडी और शैलेष गर्ग भी मौजूद रहेंगे।

जिला कांग्रेस का पंचायतों में चौपाल और संपर्क अभियान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में लगातार ग्राम चौपाल लगाई जा रही है। अलग-अलग विधानसभाओं के अलग-अलग क्षेत्रों में वोट चोरी के मुद्दे पर चौपाल में जनसंवाद किया जा रहा है। जिला कांग्रेस ने अभी तक 250 पंचायतों में चौपाल लगाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण और सत्यापन का कार्य किया है। पंच स्तर पर वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किए जा रहे हैं यह अभियान पंचायत स्तर पर चौपाल और संपर्क का चलाया जा रहा है।

मास्टर प्लान की 23 सड़कों के निर्माण में लापरवाही समय सीमा पर करने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं हुए पूरे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जनकार्य शाखा और ठेकेदार की लापरवाही, दो साल में केवल सड़क पर शुरू हुआ यातायात

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और मास्टर प्लान के मुताबिक प्रमुख सड़कों का नेटवर्क तैयार करने के लिए नगर निगम ने 400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 23 सड़कों का निर्माण शुरू किया था। लेकिन दो साल बीतने के बाद भी इन सड़कों का काम उस गति से पूरा नहीं हो पाया, जिसकी उम्मीद की गई थी। स्थिति यह है कि 23 में से 18 सड़कों पर निर्माण और बाधक निर्माण हटाने का काम शुरू हुआ, लेकिन अब तक केवल एक सड़क बनकर तैयार हो सकी है। बाकी सड़कों को पूरा करने के लिए अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों और ठेकेदारों को तीन महीने का अल्टीमेटम दिया है।

इन सड़कों का निर्माण वर्ष 2024 से अलग-अलग पैकेज में शुरू किया गया था। योजना शाखा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है, जबकि जनकार्य विभाग को इसकी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। सुदामा नगर से अन्नपूर्णा रोड तक की सड़क का काम पूरा हो चुका है। वहीं कई प्रमुख सड़कों पर अब भी निर्माण कार्य अधूरा है।

पहले भी तारीखें तय हुईं, लेकिन काम पूरा नहीं हुआ

मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर पहले भी कई बार समय-सीमा घोषित की जा चुकी है। जिंसी चौराहे से लक्ष्मीबाई प्रतिमा और नेमीनाथ चौराहे तक बनने वाली सड़क पर 15 अगस्त और फिर 31 अक्टूबर तक यातायात शुरू करने की घोषणा हुई थी, लेकिन दोनों समय-सीमाएं निकल गईं। इसके बावजूद सड़क का काम पूरा नहीं हो सका।

तीन महीने में तीन सड़कें चालू करने का दावा

महापौर भार्गव का कहना है कि अब सभी सड़कों के लिए अंतिम समय-सीमा तय कर दी गई है। लिंकेज रोड से मालवीय नगर और बमोरी प्लाजा से एयरपोर्ट चौराहे तक की सड़क जल्द तैयार होगी। अगले तीन महीने में तीन सड़कों पर आवागमन शुरू करने का लक्ष्य है। कलालकुई सड़क का काम धीमा चलने पर ठेकेदार को चेतावनी दी गई है।

लापरवाह ठेकेदारों को कौन बचा रहा है?

मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर लगातार ठेकेदारों की घटिया निर्माण और तय समय सीमा में काम नहीं करने जैसी लापरवाही सामने आ रही है जिसको लेकर जनता के बीच निगम की छवि धूमिल हो रही है आम लोगों और रह वासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सड़कों का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण सड़क की जड़ में टूटे मकान के पुनर्निर्माण लोग नहीं कर पा रहे हैं जिसके चलते ठंड के मौसम में टूटे मकान में रहने पर मजबूर है। मालवीय नगर के चंद्रशेखर कुमावत ने बताया कि सड़क का निर्माण अधूरा होने के कारण भवन निर्माण नहीं कर पाए हैं 2 साल से टूटे मकान में रह रहे हैं अब ठंड का मौसम है और मकान की रिपेयरिंग नहीं हो पाई है। जबकि दूसरी ओर ठेकेदारों को बार-बार चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है।

लापरवाह ठेकेदारों से वापस लेंगे काम

महापौर ने स्पष्ट किया है कि जिन ठेकेदारों ने तय समय में काम पूरा नहीं किया, उन्हें अंतिम अवसर दिया गया है। इसके बाद भी काम पूरा नहीं हुआ तो उनके ठेके वापस लेकर दूसरे ठेकेदारों को काम सौंपा जाएगा।



प्रतिभा वालिया का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में उपाध्यक्ष पद पर प्रतिभा वालिया को जिला कोर्ट इंदौर में मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसलिंग में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। राजेंद्र यादव, केसर महाजन, विजय जाट, कपिल चौहान, संदीप शर्मा, घनश्याम गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता द्वारा उनका सम्मान व स्वागत किया।

हनुमानजी को लगाए छप्पन भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरत्न बाग में हनुमानजी का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए, महाआरती की गई। प्रसादी का आयोजन भी हुआ। महंत मंगलदास महाराज, विजय रामदास खाकी, काटिया बाबा, जानकीदास महाराज, हरिओमानंद, धर्मेंद्र ठाकुर, मीना राणा शाह, ललित परदेशी, विजय सिंह बीसेन उपस्थित थे।



गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर सजा दीवान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज गुरुनानकदेवजी का प्रकाश पर्व है और सिख समाजजन देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी अपने आराध्य गुरु की आराधना में लीन है। बड़ी तादाद में सिख समाजजनों का खालसा कॉलेज में आना प्रारंभ हो गया है। आज मुख्य आयोजन खालसा कॉलेज राजमोहल्ला में किया जा रहा है। कीर्तनकार आज सुबह से कीर्तन की प्रस्तुति दे रहे हैं और दीवान भी सजा है, जिनके दर्शन भी किए जा रहे हैं। अटूट प्रसादी लंगर भी शुरू हो चुका है। दोपहर 2 बजे अमृत संचार भी होगा, आज रात भी खालसा कॉलेज में कीर्तन होंगे और फूलों की बरसात रात में होगी।

आप का दावा, कई भाजपाई हुए पार्टी में शामिल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आम आदमी पार्टी के संगठन महामंत्री अनुराग यादव ने बताया कि आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान जारी है। इसी दौरान भाजपा के कई कार्यकर्ता, युवा नेताओं और महिला नेत्रियों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप ने दावा किया कि बडी संख्या में भाजपाई ने कमल निशान छोडकर झाड़ू निशान को थामा जो राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इस सदस्यता अभियान में आशीष यादव और सुनीता यादव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



बताई गई और यह भी बताया गया कि सुनीता यादव पिछले 24 वर्षों से भाजपा की प्रमुख नेत्री के रूप में सक्रिय रही हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में पुराने एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं का आम आदमी पार्टी में शामिल होना संगठन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अनुराग यादव, संदीप शर्मा, अनस शेख, मोहम्मद अशफाक, शाकिर हुसैन, आशीष यादव, मोहम्मद अजहर, संजय जैन एवं दिनेश जोशी मौजूद थे।

पुरोहित के निधन पर श्रद्धासुमन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ओमप्रकाश पुरोहित की धर्मपत्नी प्रीति पुरोहित के निधन पर भाजपा नेता गगन यादव, पार्षद अश्विनी शुक्ला, दिनेश पंचोली, सुनील पुरोहित, सुभाष गुरु सहित अन्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



आज देव दिवाली कार्तिक पूर्णिमा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली का आयोजन किया जा रहा है। आज दीपदान का आयोजन भी शाम को होगा। आज सुबह पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन भी हुए, मंदिरों में पूजा-पाठ भी की गई।

चातुर्मास परिवर्तन समारोह



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजेश जैन युवा ने बताया कि द्विशताब्दी गुरु राज स्पर्श चातुर्मास का परिवर्तन समारोह आज सुबह किया गया। संत गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. आदि श्रमण-श्रमणी वृंद केसरी वाटिका से जयंतसेन धाम धार रोड के लिए विहार किया गया। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। चातुर्मास पूर्ण हो चुका है। जयंतसेन धाम में पद-देववंदन का आयोजन भी किया गया। दीक्षार्थी मान्या एवं भूपेंद्र धरू (अहमदाबाद) के दीक्षा प्रसंग का मुहूर्त एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी किया गया। आज बडी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाजजन जयंतसेन धार रोड पर मौजूद रहे। स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी किया गया।

ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत म्यूल बैंक खाते का खुलासा

रतलाम का मुख्य आरोपी गिरफ्तार तमिलनाडु व तेलंगाना से जुड़े तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी में म्यूल बैंक खातों के इस्तेमाल पर लगाम कसने के लिए क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मैट्रिक्स के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने फेडरल बैंक के एक म्यूल खाते के मामले में खाताधारक और मुख्य संचालक सहित दो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर रतलाम निवासी मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस खाते के खिलाफ तमिलनाडु और तेलंगाना में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज होना सामने आया हैक्राइम ब्रांच के अनुसार, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, गृह मंत्रालय के आई-4सी और एनसीआरपी पोर्टल से मिले इनपुट के आधार पर फेडरल बैंक के संदिग्ध खाते की पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि यह खाता इंदौर निवासी खाताधारक अंशु के नाम पर है, जिसने 10 हजार रुपए लेकर खाते का उपयोग व संचालन आलोट जिला रतलाम की मीना कॉलोनी निवासी पप्पू उर्फ पंकज मीणा पिता काशीराम मीणा को सौंप दिया था। प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आई कि पप्पू उर्फ पंकज मीणा ने इसी तरह अन्य लोगों को 10-10 हजार रुपए देकर कई बैंक खाते हासिल किए और उनका इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम के लेनदेन में किया। साइबर क्राइम पोर्टल के परीक्षण में पता चला कि इस म्यूल खाते के विरुद्ध तमिलनाडु के कल्लाकुरिची साइबर क्राइम थाने और तेलंगाना के मलकाजगिरी साइबर क्राइम थाने में शिकायतें दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने खाताधारक और मुख्य आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पप्पू उर्फ पंकज मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ कर अन्य म्यूल खातों, खाताधारकों और इस अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क से जुड़े बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है।

कृष्णबाग कॉलोनी के मकान को बचाने की एक कोशिश ऐसी भी हुई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा कल जब कृष्ण बाग कॉलोनी में बुलडोजर के माध्यम से मकान ध्वस्त करने का अभियान चलाया जा रहा था तो उस समय पर अपने मकान को बचाने के लिए कुछ लोगों ने अलग तरह की कोशिश भी की। यह कोशिश तोड़फोड़ का काम समाप्त होने से पहले ही उजागर हो गई और फिर निगम की टीम ने इस कोशिश पर भी पानी फेर दिया। जो लोग अपना मकान एक अलग तरीके से बचाना चाहते थे वे आखिरकार नहीं बचा सके।

कल इंदौर का पूरा केंद्र कृष्ण बाग कॉलोनी बना हुआ था। वहां पर सुबह 8:00 बजे से नगर निगम के द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई थी जो कि दोपहर 3:00 बजे तक चलती रही। इस दौरान कई बार इस कार्रवाई का विरोध भी हुआ लेकिन यह विरोध गुम हो गया। कई बार जो घर तोड़े गए या तोड़े जा रहे थे उन घरों में रहने वाले परिवारों ने आंखों के आंसू के माध्यम से अपने दुख को अभिव्यक्त करने की कोशिश भी की लेकिन ऐसी किसी कोशिश का भी कोई परिणाम



निकल कर सामने नहीं आ सका। सुप्रीम कोर्ट तक मामला चलने और आदेश हो जाने के बाद कोई भी कोर्ट के आदेश के विपरीत जाकर काम करने के लिए तैयार हो ही नहीं सकता है।

कल की इस कार्रवाई के दौरान जिन मकानों को नहीं तोड़ने के आदेश मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर के द्वारा दिए गए थे, उन मकानों पर नगर निगम की टीम के द्वारा लाल पेंट से गोल घेरा बनाकर इंग्लिश में एच लिख दिया गया। इससे आशय स्पष्ट था कि इन मकानों को तोड़ना नहीं है बल्कि होल्ड करना है। यह स्थिति देखकर कृष्ण बाग कॉलोनी में रहने वाले कुछ लोगों ने भी अपना दिमाग लगाया और जुगाड़ जमाने की कोशिश की। इन लोगों ने भी लाल पेंट लाकर जिस तरह से नगर निगम के द्वारा गोल घेरा बनाकर एच लिखा गया वैसा ही लेखन अपने मकान के बाहर भी कर लिया और अपने मकान को बचाने के लिए अंतिम कोशिश का दांव चल दिया।

जब घड़ी में दोपहर के 2:00 बज रहे थे उस समय पर निगम की टीम के द्वारा तोड़े गए मकानों की गणना की जाने लगी और साथ ही जिन मकानों पर होल्ड लिखा गया था उनकी भी गणना की जाने लगी। इस गणना में निगम को आंकड़ों का अंतर मिल गया। इस गणना में निगम के अधिकारियों ने पाया कि उच्च न्यायालय के आदेश से 22 मकान होल्ड किए जाने थे लेकिन यहां तो होल्ड किए गए मकान ज्यादा निकल गए हैं। यह जानकारी सामने आते ही निगम की टीम ने दस्तावेज निकाले और फिर से होल्ड किए गए मकानों की जांच करना शुरू कर दिया। इस जांच में वह लोग पकड़े गए जिन्होंने खुद अपने हाथ से अपने मकान के बाहर एच लिख दिया था। निगम की टीम ने कार्रवाई को समाप्त करने से पहले इन मकानों को भी ढेर कर दिया।

अपने टूटे हुए आशियाने को देखने पहुंचे लोग...

कोई मलबे में बीनने लगा सामान तो कई जगह झुंड बनाकर कर रहे थे चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल तोड़फोड़ का शिकार हुई कृष्ण बाग कॉलोनी में आज सुबह नजारा अलग था। लोग अपने टूटे हुए आशियाने को देखने के लिए पहुंचे थे। कुछ लोग अपने घर के मलबे में से सामान बीन रहे थे तो कई लोग अलग-अलग जगह पर झुंड बनाकर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। जिला प्रशासन की पहल पर निगम के द्वारा कल की गई तोड़फोड़ के बाद आज की सुबह कृष्ण बाग कॉलोनी में अब तक रहने वाले लोगों के लिए एक अलग सुबह थी। कल उनके मकान टूट गए थे और उन्होंने कल की रात दूसरे स्थान पर जाकर गुजारी थी। आज सुबह इन परिवारों में से बहुत सारे परिवार अपने टूटे हुए मकान को देखने के लिए पहुंच गए। इन मकानों के साथ उनके जीवन के संघर्ष और यादों का झरोखा जुड़ा हुआ है। ऐसे में मकान पर पहुंच कर कोई भावुक हो गया तो कोई मलबे के ढेर पर ही बैठ गया। यहां पर पहुंचे बहुत सारे लोग अलग-अलग स्थान पर एक झुंड के रूप में खड़े होकर बातचीत करने में लगे हुए थे। इन सभी की बातचीत का केंद्र इनका अपना दुख दर्द था। हर कोई एक दूसरे को अपने जीवन के संघर्ष की कहानी सुनाने में लगा था। मकान टूट जाने के बाद सभी के लिए नए सिरे से संघर्ष शुरू हो गया है। इस दौरान कई लोग अपने घर के मलबे में से सामान ढूंढते और बीनते हुए भी नजर आए।

दानदाता विनोद अग्रवाल बोले-सालासर बालाजी की कृपा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एडलगिव फाउंडेशन एवं हुरून इंडिया ने देश के 219 प्रमुख परोपकारियों की सूची जारी की है इनमें मध्यप्रदेश के दो प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें मुख्य रूप से शहर के प्रख्यात उद्योगपति और समाजसेवी, दानदाता विनोद अग्रवाल और उनके परिवार की ओर से 24 करोड़ रुपए के परोपकारी योगदान का विशेष उल्लेख किया गया है जबकि देश के 219 प्रमुख लोगों ने कुल 11 हजार 554 करोड़ का दान शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों के लिए दिया है। इंदौर के



अग्रवाल कोल कारपोरेशन के चेयरमैन विनोद अग्रवाल और उनके परिवार ने लगातार छठें वर्ष इस प्रतिष्ठित परोपकार सूची में स्थान प्राप्त कर प्रदेश एवं इंदौर का गौरव बढ़ाया है। सितम्बर 2026 में जारी हुरून इंडिया रिच लिस्ट में भी विनोद अग्रवाल का नाम प्रदेश के सबसे धनी उद्योगपति के रूप में प्रथम स्थान पर दर्ज रहा है। उनकी 10 हजार 200 करोड़ की अनुमानित सम्पत्ति के साथ वे देश में 365वें स्थान पर रहे। इस तरह वर्ष 2026 में हुरून इंडिया की दो प्रतिष्ठित सूचियों में विनोद अग्रवाल की उपलब्धियां सामने आई हैं। व्यवसाय के साथ ही उन्होंने 24 करोड़ रुपए के सामाजिक योगदान में भी प्रदेश के नाम को गौरवान्वित किया है। ज़ब विनोद अग्रवाल से पूछा तो उन्होने कहा कि यह सब सालासर बालाजी की कृपा है। विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न सेवा, गौसेवा, खेलकूद एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में भी अनेक परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में अन्न क्षेत्र, अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर परिक्षेत्र में चमेलीदेवी अग्रवाल अन्न क्षेत्र, जरूरतमन्द बच्चों के हृदय उपचार में सहयोग, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, शिक्षा एवं गौ संरक्षण से सम्बन्धित परियोजनाओं के अलावा अन्नपूर्णा सेवा परियोजना एवं नीना विनोद अग्रवाल अन्न प्रसादम जैसी योजनाएं भी संचालित की जा रही है।

लापरवाही पर कटा रात्रिकालीन सहायक दरोगा का एक दिन का वेतन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने झोन 11 और 12 के अन्तर्गत अलग-अलग क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सरवटे बस स्टैंड परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में कचरा मिलने पर संबंधित दरोगा एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक (सीएसआई) को तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयुक्त ने सरवटे बस स्टैंड से जूनी इंदौर, हाथीपाला पुल, रानीपुरा एवं सियागंज क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के



दौरान झोन क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 60 अंतर्गत रानीपुरा एवं सियागंज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर रात्रिकालीन सहायक दरोगा अर्जुन धोलपुरे का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा संजय सेतु रोड, कृष्णपुरा छत्री, मृगनयनी चौराहा, वीर सावरकर फ्रूट मार्केट, नंदलालपुरा चौराहा, पंढरीनाथ, हरसिद्धि, कंबल वाली गली, रेशम वाली गली एवं राजबाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिन स्थानों पर कचरा एवं गंदगी पाई गई, वहां संबंधित मुख्य स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगा को तत्काल सफाई करवाने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति निर्मित न होने देने के निर्देश दिए गए।

मेटल मार्केट भी मंदा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लगातार सोना-चांदी भी विगत दिनों से एमसीएक्स से लेकर बाजार में मंदा हो रहा है, दाम कम हो रहे हैं। लगातार असर मेटल लाइन पर भी आ रहा है। बर्तन बाजार से जुड़े मेटल मार्केट में भी कमी आई है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली में इस समय आर्मिचर का भाव पिछले एक माह की तुलना में 200 रु. कम होकर 1200 रु. है। वहीं भरत-पीतल में 100 रु. किलो की कमी हुई है, वहीं एल्यूमीनियम में भी करीब 65 रु. किलो की कमी बताई जा रही है, जस्ता 35 से 40 रु. सस्ता हुआ है, शीशा की मांग होने से शीशा के दाम में कोई कमी नहीं हुई है। जानकारों का यह भी कहना है कि अभी दिल्ली में लेवाली भी कम ही है। दिल्ली लेवाल माल लेने में आना-कानी कर रहे हैं। सोमवार को मार्केट खुले हैं, देखना होगा कि दामों में और कमी होती है क्या।

यादव समाजजनों ने लगाए भगवान कृष्ण के जयकारे, हुआ मिलन आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यादव समाज कोर कमेटी ने विधानसभा 2 का दिवाली मिलन का आयोजन किया। भगवान कृष्ण के जयकारे लगाए। प्रतिभाओं का सम्मान आयोजित किया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, दादू महाराज, डॉ. आरडी यादव, गुलशन यादव अतिथि थे। बनवारीलाल यादव, पुरुषोत्तम यादव, अवधेश यादव, डॉ. आरसी यादव, डॉ. रमण यादव, बबलू यादव, सुरेश यादव, हरिनारायण यादव, जगन्नाथ यादव, लखन यादव, चैनसिंह यादव, जितेन्द्रसिंह बुंदेला, डॉ. चन्द्रजीत, यादव, शिवराजसिंह यादव, राजेन्द्र धनोतिया मौजूद थे। गौरव यादव, रामकिशोर यादव, संजय यादव, लक्ष्मण यादव, रवि यादव, लखन यादव, फूलचंद यादव, देवीसिंह यादव, सुनील यादव, राज यादव, पत्रकार राजेश यादव, वीरसिंह यादव, अमरसिंह यादव, नितिन यादव, शिवमूरत यादव, तपन यादव, एमडी यादव, दिनेशचंद्र यादव, प्रेमकुमार यादव, कमलेश यादव, धुरंधर यादव, अशोक यादव, मनोज यादव, मुकेश यादव, डॉ. राजेश यादव, प्रमोद यादव, चैनसिंह यादव, जगन्नाथ यादव मौजूद थे।

सरयू पारिण ब्राह्मण समाज ने किया मिलन और सम्मान कार्यक्रम



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सरयूपारिण ब्राह्मण समाज सेवा संस्था संस्थापक अनुप शुक्ला व गौतम तिवारी ने बताया कि परशुराम वाटिका पर बड़ी संख्या में समाजजनों की मौजूदगी में दीपावली मिलन और सम्मान का आयोजन किया गया। समाज के दिवंगत नरेन्द्र पाण्डे, लक्ष्मीनारायण शुक्ला, छेदीलाल दुबे, ज्ञाननाथ पाण्डे, शिवबालक तिवारी, अयोध्याप्रसाद तिवारी, रवि शुक्ला, सुखदेव मिश्र, परशुराम मिश्रा, राममनोहर तिवारी, रामकिशोर पाण्डेय, देवकन्या ओझा, उमा मिश्रा, हुकुमचंद पाण्डेय, हरिहर पाण्डेय का सम्मान उनके परिजनों के हाथों में किया गया। परिजनों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, अरुण मिश्रा, हरीश विजयवर्गीय, अश्विनी शुक्ला, मनोज मिश्रा, राजेश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, पवनदास महाराज, सब्यसाची मिश्रा, पवन त्रिपाठी, अखिलेश शुक्ला, रश्मी तिवारी, सरिता दुबे, पूनम शुक्ला, इन्दु पाण्डेय, निर्मल दुबे, नितिन मिश्रा मौजूद थे। स्वागत अजय त्रिपाठी, संतोष तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, शुभम पांडेय, नरेंद्र त्रिपाठी, हरिहर त्रिपाठी, अल्केश पांडेय, वेदप्रकाश शुक्ला, अनिल पांडे, सुनील मिश्रा, विवेक मिश्रा, आनंद तिवारी, योगेश दुबे, श्रीकांत मिश्रा, कपिल शुक्ला, महिला समिति अध्यक्ष सम्पदा मिश्रा, इंदु पांडे, संतोषी दुबे, सत्यभामा शुक्ला, विनीत तिवारी, वंदना उपाध्याय, डॉ. मंजूला तिवारी, डॉ. पंकज पाण्डेय, उमेश पाण्डेय ने किया। बाणगंगा क्षेत्र की इकाई में राकेश मिश्रा, चिन्टू तिवारी, दीपक तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है।

कसेरा बाजार स्कूल के विजेता विद्यार्थी का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राज्य स्तरीय शालेय तलवार बाजी प्रतियोगिता तांत्या टोपे स्टेडियम टीटी नगर भोपाल में आयोजित की गई, जिसमें श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के यशस्व माहेश्वरी ने आयु वर्ग 14 वर्ष टीम में तृतीय व इंडिविजुअल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यार्थी का भोपाल से इंदौर आगमन के बाद स्कूल पहुंचने पर असेम्बली में मंच से सम्मान प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने किया।

आश्रम में 70 बुजुर्गों का मिला आशीर्वाद





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजशांति आशियाना की संचालक रेखा सुराना ने अपनी पुत्री लिवांशी के विवाह से पूर्व आश्रम में निवासरत बुजुर्गों के बीच विशेष मिलन एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया, जहां लिवांशी और आयुष ने आश्रम के 70 बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। निकट के लोग भी शामिल हुए।



सिविल इंजीनियरिंग विभाग का सृजन वार्षिक उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आईपीएस अकादमी में सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक उत्सव एवं एक सप्ताह का विशेष सेमिनार 'सृजन' आयोजित किया गया। इस वर्ष सेमिनार की थीम 'नेक्स्टजेनः सिविल इंजीनियरिंग में एआई का समावेश' रखी गई, जिसमें सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका, तकनीकी नवाचार और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और सिविल इंजीनियरिंग के बदलते स्वरूप से परिचित कराने के साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। ड़ॉ. अर्चना चौधरी, अचल चौधरी, नीरज मिश्रा, हरीश द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

नीमा समाजजन रहे नेत्रदानी के सम्मान पत्र में मौजूद



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रमिलादेवी नीमा के निधन के बाद परिजनों ने नेत्रदान का संकल्प पूरा कराया। दो लोगों की आंखों की सेवा का रास्ता प्रशस्त किया। इस अवसर पर श्री दशा नीमा समाजसेवा कोष समिति ने परिजनों को सम्मान पत्र साधुवाद के रूप में दिया और प्रमिलादेवी नीमा को श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। अनुराग नीमा, अजय नीमा, राजेश नीमा, शेखर नीमा, दिलीप नीमा, ललित नीमा, नरेंद्र नीमा सहित अन्य मौजूद थे।



गुरु का चित्र हाथ पर गुदवाया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वीर अलीजा हनुमान मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज का चित्र मंदिर से जुड़े रुपेश देवड़ा ने गुदवा लिया। देवड़ा ने टैटू में चित्र के साथ सरकार भी लिखवाया। हाथ पर बने टैटू से महाराज ने जब कपड़ा हटाया और उन्हें टैटू नजर आया तो वे भी चकित नजर आए।

खामोश हुई क्लाथ मार्केट की बुलंद आवाज

पूर्व अध्यक्ष हंसराज जैन का निधन, गॉड ऑफ आनर के बाद देहदान, शोक स्वरूप कपड़ा मार्केट बंद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर के होलसेल कपड़ा बाजार के पूर्व अध्यक्ष और कई संस्थाओं में विभिन्न पदों पर रह चुके हंसराज जैन का बीती रात निधन हो गया। वे अस्पताल में इलाजरत थे। शोक स्वरूप आज कपड़ा मार्केट और न्यू क्लाथ मार्केट दोनों बंद है।

श्रीमंत महाराज तुकोजीराव क्लाथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन के करीब 50 वर्षों तक पदाधिकारी रहे हंसराज जैन ने बीती रात अंतिम सांस ली। उन्हें कपड़ा मार्केट की बुलंद आवाज के रूप में पहचाना जाता था। विगत कुछ माह पूर्व ही क्लाथ मार्केट में चुनाव हुए थे, पांच दशकों में पहली बार था जब जैन ने चुनाव में नामांकन दाखिल नहीं किया था। वे न्यू क्लाथ मार्केट के भी मैनेजिंग डायरेक्टर, क्लाथ मार्केट बैंक के संचालक और कपड़ा मार्केट के



स्कूल, अस्पताल सहित कई जगह पदाधिकारी थे। श्वेताम्बर जैन समाज की भी कई संस्थाएं से जैन जुड़े थे। इसके अलावा वे गौशाला के भी पदाधिकारी थे। उन्हें कोई उस्ताद तो कोई हंसु भैया के नाम से पुकारता था। उनके कार्यकाल के दौरान कपड़ा मार्केट में कई नवाचार भी हुए है। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व जैन की भतीजी का विवाह समारोह था जहां कई लोगों से उन्होने मुलाकात की थी। विवाह समारोह के बाद उनकी तबीयत बिगडी थी जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए हास्पिटल में भर्ती किया था।

जैन ने जीवित रहते ही निर्णय कर लिया था कि वे जब भी अंतिम विदाई लेंगे तब परिजन उनके देह का दान करें, उनकी इस इच्छा अनुरूप आज परिजनों द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से देह दान किया जा रहा है। इससे पहले उन्हें गॉड ऑफ आनर भी दिया जा रहा है। आज सुबह जब जैन के निधन की ख़बर कपडा व्यापारी, जैन समाजजन सहित लोधीपुरा रहवासियों को मिली तो वे गमगीन हो गए। क्लाथ मार्केट के मंत्री कैलाश मूंगड़, निर्मल सेठी, अरुण बाकलीवाल, मुकेश थावरानी, शेलू पोरवाल, अक्षय जैन और लोधीपुरा रहवासी संघ से नीलेश नीमा सहित अन्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

ई-रूफ 'फाउंडर्स एडिशन' का आयोजन होगा

'40 अंडर 40 अवॉर्ड्स' में युवा उद्यमियों का होगा सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा देने और युवा उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ई-रूफ कम्युनिटी द्वारा आगामी 27 नवंबर को 'फाउंडर्स एडिशन 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन में देशभर के प्रमुख स्टार्टअप फाउंडर्स, निवेशक, उद्योगपति, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता एकत्रित होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्नैपडील के सीईओ अचिंत सेतिया और अपने अनुभवों के माध्यम से उद्यमियों को मार्गदर्शन प्रदान देंगे। अर्चना अग्रवाल, राम यादव, प्रणव संघवी, जिनेन्द्र जैन, राघव गुप्ता, गौरव सोनी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर 'ई-रूफ 40 अंडर 40 अवॉर्ड्स' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 40 वर्ष से कम आयु के 40 उत्कृष्ट स्टार्टअप फाउंडर्स और युवा उद्यमियों को उनके नवाचार, नेतृत्व और उद्यमशीलता में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।




शीतकालीन व्याख्यानमाला के आयोजन को लेकर बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अभ्यास मंडल की शीतकालीन व्याख्यानमाला 5 से 10 दिसम्बर के आयोजन की तैयारियों को लेकर इंदौर प्रेस क्लब में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया तथा अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। व्याख्यानमाला में वर्तमान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय परिदृश्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करने तथा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों एवं प्रबुद्ध वक्ताओं को आमंत्रित करने के संबंध में विचार रखे गए। वक्ताओं और विषयों के चयन, कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन, अधिकाधिक युवाओं, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। रामेश्वर गुप्ता, डॉ मालासिंह ठाकुर, श्यामसुंदर यादव, डॉ गौतम कोठारी, अजीत सिंह नारंग, धर्मेंद्र चौधरी, मुरली धमांनी, अनिल भोजे, श्याम पांडे, मुरली खंडेलवाल, मनीष भालेराव, मयंक शर्मा, ब्रजेशसिंह धाकड़, अनिल मोड़क, सौरभ गोसर, नम्रता सांवत मौजूद थे।



ज़ैन मिलेनियम ग्रुप ने किया लाफ्टर शो



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप मिलेनियम का दीपावली मिलन समारोह हातोद स्थित फार्म हाउस पर हुआ। लॉफ्टर नाईट में कलाकार गरिमा शर्मा और दिनेश देसी घी ने अपनी प्रस्तुति से समा बांधे रखा।मनीष शाह ने बताया कि बडी संख्या में ग्रुप के दम्पति सदस्य मौजूद रहे। रुचिल जैन, अमित नाहटा, अभिषेक शेखावतपूरी, दिनेश डोसी, वरुण तातेड, नीरज भंडावत, शशांक जैन, हेमंत टाटिया आदि प्रमुख जन उपस्थित थे।

स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर लगेगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कनाडिया रोड, मौर्या हिल्स स्थित के.बी.सी. हेल्थ सेंटर पर 28 नवम्बर शनिवार को स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। कई तरह की जांच भी होगी। डॉ. आर के गौड़ ने बताया कि कई चिकित्सक सेवाएं देंगे। स्त्री कैंसर, नेत्रों एवं दांतों की जाँच आधुनिक मशीनों से की जाएगी। स्त्री रोगों की जाँच महिला विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी।विनोद अग्रवाल एवं सचिव कुलभूषण मित्तल ने सभी जरूरतमन्द मरीजों से इन सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है।



तळी भंडार और प्रसादी का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 'येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप' द्वारा श्री मल्हारी मार्तंड मन्दिर नंदानगर में तळी भंडार और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सुरेश खरपडे, श्याम पारगे, नाना भाऊ शिंदे, संतोष मिश्रा, दिलीप माने, गोविंद वाडकर, अनिल खले सहित अन्य मौजूद थे।



कोरी समाजजनों ने किया परमालिया का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कोरी समाज सामूहिक विवाह समिति से जुडे पदाधिकारी और सदस्यों ने सामाजिक सेवाभावी मदन परमालिया का सम्मान किया।

ब्राह्मण समाजजन रहेंगे परिचय सम्मेलन में मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा सर्वब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 20 दिसम्बर को प्रातः 10 से 2 बजे तक किया जाएगा। प्रविष्टियां ब्राह्मण समाजजनों की तीन जगह विजय नगर कार्यालय, बाणगंगा, नार्थ राजमोहल्ला में ली जा रही है। बाहर से आने वाले युवक-युवती और अभिभावकों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी।

शंकराचार्य की मौजूदगी में बैकुंठ चतुर्दशी की पूजा, फिर विदाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्रृंगेरी मठ के जगदगुरु शंकराचार्य ने संगम नगर में की बैकुंठ चतुर्दशी के कार्यक्रम में शिरकत की। इस आयोजन में सैकडों भक्त मौजूद थे। पूजा के बाद शंकराचार्य की विदाई आयोजन हुआ। शंकराचार्य के साथ 60 सदस्यीय दल ने भी विदाई ली। शंकराचार्य ने नानूराम सभागृह में आशीर्वचन भी दिए। प्रसादी का वितरण भी किया गया। विपिन वानखेडे, रामचंद्र शर्मा वैदिक, अक्षय-कांति बम, शिव जिंदल, लक्की अवस्थी जे.के. माहेश्वरी, डॉ. डेविस जैन, ने शंकराचार्य का पाद पूजन भी किया।



बैकुण्ठ चतुर्दशी पर आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सार्वजनिक प्राचीन पंचदेव मंदिर एमआईजी कॉलोनी में बैकुंठ चतुर्दशी अवसर मातृशक्तियों ने 5 हजार दीप दान का आयोजन पुजारी रमा दीदी के नेतृत्व में किया।



बिजली कार्मिकों की अंतरक्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की 48वीं अंतरक्षेत्रीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 8 दिसंबर को मल्हाराश्रम स्कूल कुश्ती एरिना में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेश की तीनों ही विद्युत वितरण कंपनियों, पावर जनरेशन कंपनी, ट्रांसमिशन कंपनी आदि की करीब दस टीमें भाग लेगी। सभी खिलाड़ियों को सात दिसंबर को इंदौर पहुंचना होगा। इसमें वितरण कंपनियों के रीजन, ताप विद्युत गृह, ट्रांसमिशन कंपनी इत्यादि के करीब 60 पहलवान/खिलाड़ी भाग लेंगे।

वेंकटेश मंदिर आज 21 हजार दीपों से जगमगाएगा

कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान के होंगे मनोहारी दर्शन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में आज कार्तिक पूर्णिमा अवसर पर दीपदान का आयोजन किया गया है। आज मंदिर में 21 हजारों दीपों से रोशनी की जाएगी। वेंकटेश के दर्शन दीपों के बीच होंगे। देव दीपावली महोत्सव स्वामी श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में मनाया जाएगा। पंकज तोतला ने बताया कि पुजारी सुदर्शनाचार्य बिहारी काका, शिवम पांडे द्वारा प्रभु वेंकटेश भगवती महालक्ष्मी का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान वेंकटेश के भक्त आज शाम 6 बजे घरों से दीपक और बाती एवं तेल लेकर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे दीपों की रोशनी में भगवान के पट खोले जाएंगे और दर्शन भी दीपों के बीच होंगी, भगवान की महाआरती की जाएगी और देव दीवाली भी मनाई जाएगी। आतिशबाजी भी होगी।

लादूनाथ आश्रम पर धार्मिक आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माली मोहल्ला स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का विराम यज्ञ हवन के साथ हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में आहुतियाँ प्रदान की। रामचन्द्र मंडावरा, बंकटलाल पांड्या, रमेश खरवड, जितेन्द्र जैन, तेजराम मीणा, खुर्रा माताजी, बाबूलाल मीणा, योगेश, सचिन, सुमित सुईवाल ने अपनी भूमिका निभाई।



डाकघर में पैसा जमा करने से पहले अब जान लें नए नियम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

500 बैलेंस से लेकर अकाउंट बंद होने तक बदल गए कई नियम

पोस्ट ऑफिस डाकघर में पैसा जमा करने वालों के लिए बड़ा अपडेट है। हाल ही में डाक विभाग द्वारा जारी नए नियम के तहत अब 500 रूपए मिनिमम बैलेंस से लेकर अकाउंट बंद होने तक के कई नियम में बदलाव किया गया है। जिसके तहत अगर आप भी पोस्ट ऑफिस की सेविंग स्कीम में पैसा जमा करते हैं, तो आपके लिए यह बेहद जरूरी खबर है। दरअसल भारतीय डाक विभाग ने पोस्ट ऑफिस सेविंग बैंक (पीओएसबी) के नियमों को लेकर नया मैनुअल जारी किया है। जिसके अंतर्गत हाल ही में इसी माह जारी पीओएसबी सीबीएस मैन्युअल 2026 में मुख्य रूप से बचत खातों, पैसे निकालने, अकाउंट ट्रांसफर, केवायसी, नॉमिनी और अन्य बैंकिंग प्रक्रियाओं से जुड़े नियमों को एक जगह शामिल किया गया है।

चार साल बाद हुआ नियमों में बदलाव

करीब चार साल बाद जारी हुए इस नए मैनुअल में पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों और खाताधारकों के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। खास बात यह है कि सेविंग अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस, निष्क्रिय खाते और समय से पहले अकाउंट बंद करने जैसे नियमों को भी स्पष्ट किया गया है। डाक विभाग ने नियमों के तहत नया मेन्युअल पीओएसबी जारी किया है। चार साल पहले फरवरी 2022 में पुराना मैनुअल जारी किया गया था। वहीं नए मैनुअल में 31 मार्च 2026 तक जारी किए गए संबंधित आदेशों और निर्देशों को भी इसमें शामिल किया गया है।

नए मेन्युअल को विभाग ने बांटा दो हिस्सों में

बड़ी बात यह है कि नए नियमों के मैनुअल को डाक विभाग ने दो अलग - अलग हिस्सों में बांटा है। पहले भाग में 22 अध्याय और दूसरे भाग में 29 परिशिष्ट शामिल हैं। इनमें सेविंग अकाउंट, आरडी, टीडी, एमआईएस, एससीएसएस, पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, केवीपी और एनएससी जैसी योजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाएं शामिल हैं।



1. पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में 500 रुपये मिनिमम बैलेंस जरूरी कर दिया है। जिसके तहत पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट रखने वाले ग्राहकों को न्यूनतम बैलेंस का ध्यान रखना होगा।नए मैनुअल के अनुसार, सेविंग अकाउंट में 500 रु. का न्यूनतम बैलेंस बनाए रखना जरूरी है। अगर खाताधारक निर्धारित न्यूनतम बैलेंस नहीं रखता है, तो सालाना 50 रु. का शुल्क (18% जीएसटी सहित) लगाया जा सकता है। अगर खाते का बैलेंस शून्य हो जाता है, तो खाता अपने आप बंद हो सकता है। इसलिए जिन लोगों ने लंबे समय से अपने पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में लेनदेन नहीं किया है, उन्हें बैलेंस जरूर चेक करना चाहिए।

2. तीन साल तक लेनदेन नहीं किया तो अकाउंट हो सकता है साइलेंट

पोस्ट ऑफिस खाताधारकों के लिए दूसरा महत्वपूर्ण नियम निष्क्रिय खातों से जुड़ा है। अगर किसी सेविंग अकाउंट में लगातार तीन पूरे वित्त वर्ष तक कोई जमा या निकासी नहीं होती है, तो उसे साइलेंट अकाउण्ट माना जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि खाते में ब्याज जमा होने को सामान्य लेनदेन नहीं माना जाएगा।ऐसे में खाताधारकों को समय-समय पर अपने खाते में जमा और निकासी जैसी गतिविधियां करते रहना चाहिए।

3. पोस्ट ऑफिस अकाउंट दूसरे ब्रांच में ट्रांसफर कराने पर चार्ज लगेगा। अगर आप अपना पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट एक डाकघर से दूसरे डाकघर में ट्रांसफर कराना चाहते हैं, तो इसके लिए निर्धारित शुल्क देना पड़ सकता है।नए मैनुअल में अकाउंट ट्रांसफर के लिए 100 रुपए और लागू जीएसटी का उल्लेख किया गया है। इसलिए अकाउंट ट्रांसफर कराने से पहले संबंधित पोस्ट ऑफिस से शुल्क की जानकारी जरूर लें।



एच टाइप क्वार्टर और बिल्डिंग में शुरू होगा मेंटेनेंस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी जिला सब डिविजन के अंतर्गत राजेंद्र नगर क्षेत्र में बिल्डिंग सेक्शन के अंतर्गत एच टाइप क्वार्टर में आवश्यक सिविल और मेंटेनेंस के कार्य शुरू करेगा। जिसके अन्तर्गत विभागीय स्तर पर इस कार्य को अंजाम देने के लिए निविदा जारी कर जल्द निर्माण और रेनोवेशन के कार्य शुरू करने की प्रारम्भिक तैयारियां शुरू हो गई है। गौरतलब है कि यहां रहने वाले विभाग के कर्मचारियों के रहवासी परिवार लंबे समय से यहां मेंटेनेंस और आवश्यक सिविल कार्य शुरू करने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद अब जाकर विभागीय परमिशन मिलने के बाद यहां काम शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके तहत अब अगले माह से यहां लाखों रुपए खर्च कर बेहद जल्द आवश्यक सिविल और निर्माण कार्य के साथ रिनोवेशन के कार्य किए जाएंगे। जिसका फायदा भविष्य में यहां रहने वाले परिवारों को मिलेगा।

खजराना मंदिर में सुविधा केंद्र निर्माण की बारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खजराना गणेश मंदिर पर पिछले दिनों यात्रियों की सुविधा के लिए प्रसाद दुकानों को गर्मी बारिश और धूप से बचाने के लिए दुकानों के सामने भव्य वाटरप्रूफ शेड निर्माण के बाद अब आने वाले दिनों में नए साल के पहले जल्द बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसमें गणेश भक्तों और यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधा मिलेगी।

अब दर्शनार्थियों के लिए होगी सुविधा

बच्चों के मनोरंजन से लेकर लाइब्रेरी तक की मिलेगी सुविधा- खास बात यह है कि खजराना गणेश मंदिर में पार्किंग के पास खाली पड़ी जगह पर मंदिर प्रबंधन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर भव्य आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस सुविधा केंद्र में बच्चों के मनोरंजन से लेकर सीनियर सिटीजन बुजुर्ग और युवाओं तक को धार्मिक सामाजिक पुस्तक पढ़ने के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात भी मिलेगी। जय सुविधा केंद्र में एक ओर बच्चे अपना मनोरंजन किड्स प्ले जोन में कर सकेंगे। वहीं अन्य भक्त बाहर से आने वाले यात्री युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं और बुजुर्ग सामाजिक धार्मिक किताबें पढ़कर लाइब्रेरी में अपना टाइम पास और मनोरंजन कर सकेंगे। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि नए साल के पहले इस भव्य आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण बेहद जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिसका लाभ देशभर से आने वाले गणेश भक्त और दर्शनार्थियों को मिलेगा।

बजट के चक्कर में सालों से अटका खदान जमीन का विकास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मामला : तिलकनगर क्षेत्र में हजारों वर्गफीट लंबी- चौड़ी बेशकीमती जमीन का

विधायक -पार्षद की मांग पर सहमति के बावजूद नहीं हो रहा काम

यही नहीं तिलक नगर क्षेत्र में संविद नगर में स्थित लंबी-चौड़ी कई हजार वर्गफीट में फैली सालों पुरानी खदान जमीन को संवारकर उक्त जमीन पर सौंदर्यकरण क्षेत्र की मध्यवर्गीय जरूरतमंद परिवार के लोगों के लिए घर के नजदीक आधुनिक सुविधाएं वाले नवीन कम्युनिटी हॉल के निर्माण की प्लानिंग की थी ताकि क्षेत्र के मध्यवर्गीय परिवार कम खर्चे में बेहतर सुविधा के साथ अपने घर की शादी-विवाह मांगलिक कार्यक्रम यहां कम बजट में ज्यादा सुविधा के साथ कर सकेंगें। जिसको लेकर पार्षद राजेश उदावत और विधायक महेंद्र हार्डिया की मांग पर महापौर भार्गव ने भी यहां विकास कार्य योजना को पहले से सहमति दे रखी है। लेकिन बजट की कमी के कारण जिम्मेदार अफसरों द्वारा लंबे समय से खदान जमीन के मामले में अनदेखी कर लगातार टालमटोली की जा रही है। यही नहीं अब तक कागजों में ही विकास कार्य बताएं जा रहें है। यही नहीं जबकि क्षेत्रीय पार्षद द्वारा कई बार विधायक से लेकर महापौर और निगम के अधिकारियों को यहां का दौरा भी करवाया गया। फिर भी अभी तक यहां कोई काम शुरू नहीं हो पाया। जिसको लेकर बजट की कमी बता कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 49 में स्थित सालों पुरानी खदान जमीन पर विकास कर क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात देने के लिए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य राजेश उदावत द्वारा लगातार प्रयास के बावजूद निगम द्वारा बजट की कमी के कारण लंबे समय से तिलक नगर क्षेत्र में संविद नगर की बेशकीमती खदान का विकास कार्य अटकाएं रखा है।

जबकि क्षेत्र की जनता की मांग पर विधायक हार्डिया और पार्षद उदावत द्वारा लंबे समय से उक्त जमीन पर विकास कार्य कर क्षेत्र की जनता की मांग पर करोड़ों रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं वाले नवीन कम्युनिटी हॉल का निर्माण करने के साथ यहां भव्य बगीचा बनाने की प्लानिंग की थी।

पेवर ब्लॉक लगाकर बना रहे नवीन फुटपाथ

चौपाटी के लिए हो रहे सौन्दर्यीकरण कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े स्कीम 140 क्षेत्र में इंदौर विकास प्राधिकरण की सबसे पुरानी कॉलोनी के पीछे आकर्षक रंगीन पेवर ब्लॉक लगाकर सौंदर्यकरण के कार्य कर नवीन फुटपाथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसका फायदा इस क्षेत्र में चाट चौपाटी की दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को मिलेगा। वहीं हर सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक हॉट बाजार लगाने वाले दुकानदारों को भी इसका फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि यहां पिपलियाहाना क्षेत्र में साप्ताहिक हाट बाजार लगाने वाले व्यापारी सर्विस रोड पर कब्जा जमा कर रोड के आसपास दुकानें लगाकर बैठते हैं जिसके कारण यहां हमेशा जाम लगता है। इसलिए विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन के प्रयासों से निगम द्वारा लंबे समय से खाली पड़ी जमीन पर हॉकर्स जोन का निर्माण कर लोगों को सुविधा देने की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है।



नए हॉकर्स जोन के बनने से जाम से भी मिलेगी राहत

खास बात यह है कि पिपलियाहाना क्षेत्र में स्कीम 140 कॉलोनी के पीछे आईडीए की खाली पड़ी जमीन पर क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों की मांग पर आए दिन लगने वाले जाम से राहत के लिए नवीन हॉकर्स जोन का निर्माण और सौंदर्यकरण कार्य किया जा रहा है ताकि यहां सोमवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार भी लग सकें। साथ ही रात में चाट चौपाटी भी लग जाए ताकि आसपास के लोगों का रोजगार भी चलता रहे। जिससे न सड़क पर जाम लगेगा और न कोई परेशानी होगी। जिसका वर्तमान में नया फुटपाथ ब्लॉक लगाकर तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य सौंदर्यकरण के कामों के साथ पार्किंग की सुविधा के लिए भी काम चल रहा है।

संपादकीय

धरती तप रही है, लेकिन तेल का कारोबार छोड़ने को तैयार नहीं देश

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के बीच दुनिया के देश ठोस फैसलों पर एकमत नहीं हो पा रहे हैं। ण्ध्ज्31 वार्ता में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने और गरीब एवं विकासशील देशों को आर्थिक सहायता देने पर सहमति नहीं बन सकी। आखिर वैश्विक जलवायु प्रयास घोषणाओं से आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहे हैं? तुर्किये के अंताल्या में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता (सीओपी 31) का बिना किसी व्यापक समझौते के समाप्त होना पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों के बीच जब सभी को एकजुट होकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है, तब विभिन्न देशों के बीच इस मुद्दे पर मतभेदों का गहराना वैश्विक प्रयासों में प्रतिबद्धताओं की कमजोरी को दर्शाता है। सम्मेलन में इस बात पर सहमति नहीं बन पाई कि जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कैसे समाप्त किया जाए और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए गरीब एवं विकासशील देशों को आर्थिक सहायता किस तरह उपलब्ध कराई जाए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर जो मुहिम शुरू की गई है, क्या वास्तव में उसके कोई प्रभावी एवं सकारात्मक नतीजे सामने आ पाएंगे? विभिन्न अध्ययन एवं शोध इस बात की तस्दीक करते हैं कि दुनिया के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का बड़ा हिस्सा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल से पैदा होता है। इस सबके बावजूद अगर विश्व के कई देशों की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, तो यह गैरजिम्मेदाराना रवैये से कैसे अलग है! जलवायु वार्ता में अंतिम समझौते पर सहमति नहीं बन पाने का घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब वैश्विक तापमान में वृद्धि औद्योगिक युग से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा नीतियां जारी रहती हैं, तो इस सदी के भीतर वैश्विक तापमान में वृद्धि 2.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के खतरे की गंभीरता का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन समेत सौ से अधिक देशों का मानना है कि जलवायु समझौते में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता शामिल की जानी चाहिए। मगर रूस और सऊदी अरब सहित कई तेल उत्पादक देश इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी चिंता यह है कि जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने का फैसला उनकी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकता है। मगर, सवाल है कि जब भारत समेत दुनिया के कई देश नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, तो तेल उत्पादक देश इस दिशा में आगे क्यों नहीं बढ़ना चाहते! जलवायु समझौते को लेकर मतभेदों की दूसरी कड़ी वित्तपोषण से जुड़ी है। यह बात छिपी नहीं है कि विकसित देशों ने औद्योगिक विकास के दौरान सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन किया है, जबकि जलवायु परिवर्तन का सबसे गंभीर असर उन गरीब और विकासशील देशों पर पड़ रहा है, जिनका इसमें योगदान बेहद कम है। इन देशों की मांग रही है कि विकसित राष्ट्र उन्हें पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएं। जलवायु वार्ता में यह मुद्दा चर्चा में तो आया, लेकिन विकसित देशों की ओर से स्पष्ट वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं मिलने के कारण इस पर भी कोई सहमति नहीं बन पाई। जाहिर है, यदि विकसित देश अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे और विकासशील देशों की चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता रहा, तो जलवायु वार्ताएं केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगी। अब समय घोषणाओं और आश्वासनों के बजाय ठोस फैसले लेने का है, क्योंकि जलवायु संकट से निपटने में होने वाली देरी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को खतरे में डाल सकती है।

8 वर्षीय मासूम छात्रा से घिनौनी हरकत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर थाना क्षेत्र के एक स्कूल में अध्ययनरत 8 वर्षीय बच्ची के साथ आपत्तिजनक हरकत किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित बच्ची से घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित मासूम देपालपुर क्षेत्र स्थित स्कूल में पढ़ती है। आरोप है कि ग्राम सोमटा निवासी प्रिंस पिता राहुल ने बच्ची के साथ यह घिनौनी हरकत की। स्कूल या घटनास्थल से घर लौटने के बाद बच्ची ने अपनी मां को पूरी बात बताई, जिसके बाद मां बच्ची को साथ लेकर थाने पहुंची और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत प्रकरण पंजीबद्ध किया। विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक अंकिता जाट ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी प्रिंस के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

इंदौर की सड़कों पर बरकरार रहेंगे गड्ढे, 60% पैचवर्क बाकी

ठेकेदार पुराने रेट पर काम करने को तैयार नहीं, नए रेट की मंजूरी के लिए भोपाल भेजा प्रस्ताव

दीपावली तक सभी सड़कें सुधारने का महापौर का दावा भी अधूरा

इंदौर। शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के नगर निगम के दावे फिलहाल हकीकत से दूर नजर आ रहे हैं। दीपावली तक सभी सड़कों का पैचवर्क पूरा करने के महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश के बावजूद करीब 60 प्रतिशत काम अब भी बाकी है। मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक सड़कें गड्ढों से भरी हैं। हालात यह हैं कि जिन सड़कों को पैचवर्क की सूची में शामिल किया गया था, वहां भी काम अधूरा पड़ा है। जनकार्य विभाग की लाचारी का खामियाजा रोजाना वाहन चालकों और आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

ठेकेदारों ने पुराने रेट पर हाथ खींचे- पैचवर्क में देरी की सबसे बड़ी वजह ठेकेदारों का पुराने दरों पर काम करने से इनकार करना बताया जा रहा है। निगम ने पुराने रेट पर टेंडर जारी किए थे, लेकिन डामर और अन्य निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ठेकेदार अब इन दरों पर काम करने को तैयार नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और बिटुमेन की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर भी लागत पर पड़ा है। ऐसे में ठेकेदारों ने काम शुरू करने से हाथ खींच लिए हैं।

सूची में शामिल सड़कें भी अधूरी- शहर में पैचवर्क के लिए बनाई गई सूची में शामिल कई प्रमुख सड़कें अब तक सुधर नहीं पाई हैं। इनमें स्कीम नंबर 54, स्कीम नंबर 78, एमआर-10, एमआर-9, एमआईजी लिंक रोड, पलासिया और गीताभवन सहित सैकड़ों सड़कें शामिल हैं। मुख्य मार्गों पर गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी बने हुए हैं, वहीं अंदरूनी कॉलोनियों की स्थिति भी खराब है।

नए रेट की मंजूरी का इंतजार- नगर निगम के जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर का कहना है कि पुराने रेट पर ठेकेदार काम करने को तैयार नहीं हैं। नए रेट से काम कराने के लिए स्वीकृति का प्रस्ताव भोपाल भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। यानी शहरवासियों को सड़कों की मरम्मत के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

खुदाई और रेस्टोरेशन का बहाना- नगर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि कई बार सड़कों की खराब स्थिति के पीछे लाइन डालने के लिए हुई खुदाई को वजह बताते हैं। उनका तर्क है कि रेस्टोरेशन के काम को सेट होने में समय लगता है। लेकिन शहर की सैकड़ों सड़कें ऐसी हैं, जहां सामान्य पैचवर्क भी नहीं हुआ है। ऐसे में खुदाई का तर्क देकर जिम्मेदारी से बचना नागरिकों की परेशानी बढ़ा रहा है।

रोजाना जोखिम में वाहन चालक- गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। अचानक सामने आने वाले गड्ढों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बारिश और त्योहार के दौरान भी सड़कों की मरम्मत नहीं होने से निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब पैचवर्क के लिए नए रेट की मंजूरी कब मिलेगी और ठेकेदार कब काम शुरू करेंगे, इसका जवाब निगम के पास नहीं है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
127500	125966
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
154400	154217

फिजिकल भाव शाम को ओपन होगा ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

50-50 सीटर बालक-बालिका छात्रावास का होगा निर्माण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर ब्लॉक मुख्यालय जिला इंदौर में प्रस्तावित प्री मैट्रिक 50 -50 सीटर बालक-बालिका छात्रावास नवीन भवन निर्माण का कार्य आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर इन दिनों निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से जुड़े अफसरों के मुताबिक प्रस्तावित नवीन छात्रावास भवन निर्माण की 3.9 करोड़ 50 सीटर बालक छात्रावास की लागत रहेंगी। जबकि बालिका छात्रावास 50 सीटर नवीन भवन का निर्माण भी तीन करोड़ नब्बे लाख से ज्यादा की लागत से बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसका काम भी जल्द इसी साल शुरू करने की तैयारी है ताकि इसका लाभ ग्रामीण छात्र छात्राओं को मिलने लगेगा। जिसको लेकर वर्तमान में विभागीय निविदा सम्बंधित प्रक्रिया और तैयारियां शुरू हो गई है। अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं को अगले साल मिलेगी नए आधुनिक हॉस्टल की सौगात- बड़ी बात यह है कि सांवेर ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले प्री मैट्रिक छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बालक-बालिकाओं के लिए प्रस्तावित अलग-अलग दो नवीन हॉस्टल छात्रावास का नवनिर्माण कार्य बेहद जल्द शुरू किया जाएगा।

अलसुबह बाइक से कर रहे थे शराब सप्लाय, धराए



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आबकारी विभाग ने अवैध शराब सप्लाय करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। आज सुबह 4 बजे से आबकारी की टीम ने मैदान संभाला और 5 दो पहिया वाहनों से शराब सप्लाय करने वालों को पकड़ा। आबकारी ने कुल 5 प्रकरण दर्ज कर 4 लाख 21 हजार के वाहन और मदिरा जब्त किए। इसके अलावा तिलक नगर थाना क्षेत्र के बंगाली ब्रिज के नीचे अलसुबह अवैध शराब की बिक्री की जानकारी भी विभाग को मिली थी, जिसके बाद विभाग ने आज यहां दबीश दी। बताया जा रहा है कि शराब बेचने वाले युवा मौके से भाग निकले।

महालक्ष्मी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव होगा

इंदौर (सिटी ब्ल)। श्री महालक्ष्मी मंदिर उषा नगर के महेश तोतला ने बताया कि मंदिर का अन्नकूट महोत्सव 25 नवम्बर की शाम 7 बजे से किया जाएगा। महालक्ष्मीजी का विशेष श्रृंगार भी होगा, छप्पन भोग भी लगाए जाएंगे।

कीर्तन एवं तनिषा को मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल टीम की कमान

इंदौर। बठिंडा (पंजाब) में 24 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाली 44वी जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल (बालक एवं बालिका) चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश बालक टीम की कमान कीर्तन गौड एवं बालिका टीम की कमान तनिषा गौड को दी गई । टीम की घोषणा मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने की।





बालक वर्ग - कीर्तन गौड (कप्तान), अथर्व शर्मा, आदित्य पाल , पीयूष जाधव , समीर बंसल, अनुज पिपरे, देव चौधरी, पीयूष धनगर, तन्मय प्रजापति, रुद्र प्रताप सिंह चौहान, शिवा राजपूत, विक्की सेन, अभय जरिया, अन्मेश नायक, कुणाल दिवाकर, दक्ष पाटीदार। कोच सुबोध चौरसिय, राहुल सिंह ठाकुर, मैनेजर - रवि सिंह चौहान

बालिका वर्ग - तनीषा गौड़(कप्तान), वैष्णवी चौहान, पूनम यादव, याशिका मेहरा, हिमांशी कुशवाह, वंशिका पटेल, कामाक्षी जागीरदार, दीक्षा गौड, प्रीति दिवाकर, काव्या कोरवार, श्रुति जायसवाल, कामना झा, सुलेखा प्रजापति, रानी घाघरे, यामिनी मोदी, आयुषी परिहार। कोच – सविता पारखे, प्रवीण दवे मैनेजर सविता बोरासी।

ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-17 क्रिकेट में दिल्ली बना चैंपियन

इंदौर। ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-17 क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपीएस मथुरा रोड को 7 विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया । वहीं तीसरे स्थान के मुकाबले में हैदराबाद पब्लिक स्कूल बेगमपेट ने वाईपीएस मोहाली को 8 विकेट से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

डीपीएस मथुरा रोड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 80 रन बनाए। टीम की ओर से सक्षम असवाल ने 15 गेंदों में 22 रन, फरहान खान ने 18 गेंदों में 21 रन तथा अथर्व वर्मा ने



14 गेंदों में 12 रन का योगदान दिया। मॉडर्न स्कूल दिल्ली की ओर से योग सहगल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि उदय वीर चोपड़ा और रुद्रांश अरोड़ा ने 2-2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉडर्न स्कूल दिल्ली की टीम ने 11.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 83 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से व्यान सचदेवा ने 12 गेंदों में 22 रन, विवान सोलंकी ने 23 गेंदों में 22 रन तथा रुद्रांश अरोड़ा ने 14 गेंदों में 16 रन बनाए। डीपीएस मथुरा रोड की ओर से अथर्व वर्मा, जसमेहर सिंह और सक्षम असवाल ने 1-1 विकेट लिया।

मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने फाइनल 7 विकेट से जीतकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। फाइनल मुकाबले में शानदार गेंदबाजी के लिए योग सहगल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में स्कूल की निर्देशिका हर्षिता सिंह एवं अकरम खान ने विजेता, उपविजेता तथा व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

एमपीपीएल के चयन में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

इंदौर। मध्यप्रदेश की प्रथम पिकलबॉल लीग एमपीपीएल के चौथे एवं अंतिम चयन चरण का समापन सूर्य पिकलबॉल अकादमी, इंदौर में हुआ। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक की विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एमपीपीएल के अंतर्गत इससे पहले इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में तीन चयन चरणों (लेग) का आयोजन किया जा चुका है। इंदौर में आयोजित चौथा चरण इस चयन प्रक्रिया का अंतिम चरण था। इसके साथ ही आगामी लीग के लिए खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इन सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब एमपीपीएल की आगामी खिलाड़ी नीलामी (ऑक्शन) का हिस्सा बनेंगे।

निसर्ग, सतवीर, पुणयांश, आरवी, सौरभ, ओमिषा को खिताबी सफलता

इन्दौर । जैन सोशल ग्रुप इंदौर (अहिल्या) रीजन एवं वैश्य महासम्मेलन (यूथ विंग) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंदौर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 के अंतर्गत शतरंज, बैडमिंटन, कैरम एवं टेबल टेनिस विभिन्न खेल स्पर्धाओं रोमांचक फाईनल मुकाबले खेले गये। मुकाबले अभय प्रशाल में खेले गये।

शतरंज स्पर्धा में 25 वर्ष आयु वर्ग में निसर्ग शाह विजेता एवं ध्रुव महेश्वरी उपविजेता एवं प्रणव खिलनानी तृतीय रहे। 40 वर्ष आयु वर्ग में प्रेम बाबू विजेता, मयंक गुप्ता द्वितीय एवं लता छल्लानी तृतीय रहे। 55 वर्ष आयु वर्ग में विजेता जितेन्द्र जैन, उपविजेता नकुलेष कौठारी एवं सुरेन्द्र यादव तृतीय स्थान पर है। सीनीयर वर्ग में उदय मोदी विजेता एवं के.के. सक्सेना उपविजेता रहे।

शुभम राठौर, यश दुबे एवं करन तेहलानी की शतकीय पारी से एस.एस. कम्यून की रेकार्ड जीत

इंदौर । आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एसएस कम्यून एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट के नुकसान पर 452 रनों का रेकार्ड स्कोर खडा किया । यश दुबे ने शानदार 128 रन, करन तेहलानी ने 105 रन एवं शुभम राठौर ने 48 गेंदो पर 4 चौके व 14 छक्को की सहायता से आक्रामक नाबाद 117 रन बनाए । अनुराग सोनकर ने 94 रन खर्च कर 3 विकेट लिए । जवाब में एसवीसीए ने बल्लेबाजी करते हुए 31 ओवरो में 171 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये और इस तरह एस एस कम्यून ने यह मैच 281 रनों से रेकार्ड जीत हासिल की । कुष्णा दौर ने सर्वाधिक 76 रन बनाए । अमल चन्देल व निखिल मिश्रा ने 2-2 विकेट लिए । इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एनवीएएस एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमे एनवीएएस ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 263 रन बनाये।

कई मीट दुकानें सील, हजारों रुपए की वसूली भी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम के मीट अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि निगम की मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में कुल 58800 की वसूली भी की गई। मीट प्रभारी राजेश पथरोड़ ने बताया कि ज़ोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 7 के



अन्तर्गत सुभाष मार्ग मेन रोड पर बिना अनुमति के मीट दुकान का संचालन करने पर दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

जब ऋषभ पंत ने ठोका शतक टीम इंडिया को नहीं मिली जीत

नई दिल्ली। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में शतक ठोका। पंत के बल्ले से 128 रनों की पारी निकली। इस पारी में उन्होंने 10 चौके और 6 छक्के मारे। इसके साथ ही पंत सभी सेना (एसईएनए) देशों में शतक लगाने वाले सिर्फ छठे भारतीय क्रिकेटर बने। पंत के अलावा टेस्ट इतिहास में सिर्फ एक ही भारतीय विकेटकीपर ने किसी एसईएनए देश में शतक लगाया है। धोनी जैसे दिग्गज के नाम भी इस चारों देशों में टेस्ट शतक नहीं है।

एसईएनए देशों में ऋषभ पंत का शतक और उस मैच का नतीजा

रन	बनाम	मैदान	साल	नतीजा
114	इंग्लैंड	द ओवल	2018	हार
159*	ऑस्ट्रेलिया	सिडनी	2019	ड्रॉ
100*	सा. अफ्रीका	केपटाउन	2022	हार
146	इंग्लैंड	बर्मिंघम	2022	हार
134 और 118	इंग्लैंड	लीड्स	2025	हार
128	न्यूजीलैंड	वेलिंगटन	2026	ड्रॉ

ऋषभ पंत के शतक से नहीं मिली जीत- ऋषभ पंत ने इंग्लैंड में चार शतक ठोके हैं। साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में उनके बल्ले से 1-1 टेस्ट शतक निकला है। लेकिन इन सातों मैचों में भारत एक को भी अपने नाम नहीं कर पाया। 7 शतक में दो मैच ड्रॉ रहे हैं जबकि चार में भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी है। पिछले साल लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक लगाया था लेकिन भारत मैच को अपने नाम नहीं कर पाया।

जाहिर सूचना

(सर्वे नम्बर 230/2157 रकबा 0.740 हे. एवं सर्वे नम्बर 231 रकबा 0.630 हे. जो कि ग्राम पिपडाय तहसील खुड़ैल, जिला-इन्दौर (म.प्र.) बाबद्)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा **(1) श्री कमल पाटीदार पिता श्री सत्यनारायण पाटीदार (2) श्री मनोज पाटीदार पिता श्री सत्यनारायण पाटीदार,** निवासी 65, खजराना मेनरोड़, इन्दौर (म.प्र.) से इनके स्वामित्व व आधिपत्य के **सर्वे नम्बर 230/2157 रकबा 0.740 हेक्टेयर एवं सर्वे नं.231 रकबा 0.630 हेक्टेयर होकर कुल रकबा 1.37 हेक्टेयर (5.41 बीघा) जो कि ग्राम पिपडाय, तहसील खुड़ैल, जिला इन्दौर (म.प्र.)** को सर्वभारमुक्त क्रय करने का सौदा किया होकर सारवान धनराशि अदा कर दी है। अतः उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का कोई ऋण, भार, बोझ, स्वत्व अथवा इस व्यवहार से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में सप्रमाण लिखित में मुझसे निम्न पते पर सम्पर्क करें अवधि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा।

इंदौर, दिनांकः 21.11.2026

(पलाश उमाशंकर शर्मा) एडवोकेट
ऑफिस-64/2, मोती तबेला, रजिस्ट्रार कार्यालय के पास, इंदौर (म.प्र.)
मोबाइल-94250-53102

इन्दौर नगर पालिक निगम
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अर्चना कर्नावट पति श्री शैलेन्द्र कर्नावट** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-सर्वे नं. 201/3/1/2 पैकी दक्षिण दिशा लसूडिया मोरी इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001006678 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

जीवनदाता परिवार सम्मान आयोजित होगा

दूसरों को जीवन देने वाले परिवारों को मिलेगा सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 'जीवनदाता परिवार सम्मान का आयोजन 28 नवम्बर को किया जाएगा। अंगदान करने वाले परिवारों, अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने वाले लोगों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सेवाभावी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। साथ में पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। अतुल मलिकराम ने उक्त जानकारी दी।

इन्दौर नगर पालिक निगम
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **ईशा शर्मा पिता श्री अतुल शर्मा** द्वारा वार्ड 35 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-प्रकोष्ठ क्र. 502 आर्किड एनक्लेव शिव वाटिका इन्दौर आवेदन कर पिन नं. 1004685452 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

आज भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

यूएई के खिलाफ जीत दिलाएगी सेमीफाइनल का टिकट

नई दिल्ली। एशिया कप राइजिंग स्टार्स में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए आज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इस अहम मुकाबले में इंडिया ए की सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में अनुशासन और निरंतरता बनाए रखने की होगी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 11.30 बजे शुरू होगा।

भारत को पिछले मुकाबले में पाकिस्तान ए के खिलाफ 48 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में भारतीय गेंदबाज पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे थे। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 313 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। खास बात यह रही कि टीम ने आखिरी 11 ओवर में पांच विकेट गंवाने के बावजूद 83 रन जोड़ दिए थे।



भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। नियमित गेंदबाज हर्षित राणा, प्रिंस यादव और शाहबाज अहमद जहां प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे, वहीं पार्ट टाइम गेंदबाज आयुष बदोनी ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। ऐसे में यूएई के खिलाफ गेंदबाजों को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

हालांकि यूएई की टीम पाकिस्तान जैसी मजबूत नहीं है, लेकिन उसे हल्के में लेना भारत के लिए भारी पड़ सकता है। यूएई ने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को कड़ी चुनौती देते हुए 245 रन पर ऑलआउट कर दिया था। इससे साफ है कि टीम में उलटफेर करने की क्षमता है।

जीत से सीधे सेमीफाइनल में पहुंचेगा भारत

यूएई के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भारत के तीन मैचों में चार अंक हो जाएंगे और टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगी। ऐसे में भारतीय टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

कप्तान गिल ने मैच ड्रॉ होने के बाद रखा अपना पक्ष

सिराज को बाहर रखना उनके लिए भी मुश्किल फैसला था

वेलिंगटन। मोहम्मद सिराज वर्तमान समय में टेस्ट में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। वह ब्रिस्बेन से लेकर लॉर्ड्स तक टीम की कई यादगार जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। इसके बाद भी न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में सिराज को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। भारतीय टीम ने चार तेज गेंदबाजों को खिलाया लेकिन सिराज उसमें नहीं थे। जसप्रीत बुमराह के साथ प्रसिद्ध कृष्णा, अंशुल कंबोज और आकाश दीप को मौका मिला। पांच दिनों तक इस फैसले पर काफी चर्चा हुई। अब टीम के कप्तान शुभमन गिल ने मैच ड्रॉ होने के बाद इस पर अपना पक्ष रखा है।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं करने के फैसले पर खुलकर बात की।



उन्होंने कहा कि सिराज को बाहर रखना उनके लिए भी मुश्किल फैसला था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान गिल ने कहा, हमने इस मैच के लिए अपना बेस्ट बॉलिंग अटैक चुना था। सिराज शानदार खिलाड़ी और बेहतरीन गेंदबाज हैं, जिन्होंने भारत के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन इन सब से पहले वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमने साथ में डेब्यू किया था। भारत के लिए खेलने से पहले भी वह मेरे दोस्त थे। इसलिए उन्हें टीम से बाहर रखना मेरे लिए भी बहुत मुश्किल फैसला था।' भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि टीम चुनते समय यह देखना जरूरी होता है कि कौन से गेंदबाज अच्छी फॉर्म में हैं और कौन सबसे बेहतर गेंदबाजी कर रहा है। गिल ने कहा, 'मैच से पहले मेरी उनसे यह बातचीत हुई थी कि वह इस मुकाबले में नहीं खेलेंगे।

वापसी पर भरोसा

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा दौर आता है, जब वह अपने बेस्ट फॉर्म में नहीं होता। गिल ने कहा- हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा दौर आता है, जब वह अपने पीक पर नहीं होता। मुझे लगता है कि सिराज इस बात को समझते हैं। जब तक कोई खिलाड़ी मेहनत करने और वापसी करने के लिए तैयार है, यह हमारे लिए सकारात्मक संकेत है। सिराज उन खिलाड़ियों में से हैं, जो वापसी करके टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

स्टार क्लब की विशाल जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा कप अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत स्टार क्लब एवं राउ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 216 रन बनाये ।अंश जोशी ने 52 रन एवं अर्जुन शुक्ला ने 71 रन बनाये। अमन व सिद्धार्थ ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब की टीम ने 31 ओवरो में मात्र 77 रनों पर मिसट गई और यह मैच 139 रनों के विशाल अंतर से हार गई। अर्जुल शुक्ला ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट एवं श्रीनाथ पाण्ड्र ने 3 विकेट लिये।

इंदौर में होगा शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन

इंदौर। देशभर के नन्हे और युवा शतरंज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर मिलने जा रहा है। प्राइम एंगेज द्वारा प्राइम एंगेज जूनियर नेशनल शतरंज चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 29 नवंबर को इंदौर में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर, ए.बी. रोड इंदौर में होगा।

धोनी के संन्यास से भावुक हुए ईशान

बोले- उन्होंने देश के लिए जो किया वो बहुत कम लोग कर पाए



नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने सोमवार को पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ की। धोनी के आईपीएल से संन्यास लेने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए ईशान ने कहा कि भले ही यह प्रशंसकों और खिलाड़ियों के लिए भावुक पल है, लेकिन देश के लिए धोनी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। ईशान ने कहा कि धोनी ने अपने खेल और नेतृत्व से कई पीढ़ियों के युवा क्रिकेटरों को प्रेरित किया है। उन्होंने देश के लिए जो किया है, वैसा योगदान बहुत कम खिलाड़ी दे पाए हैं।

ईशान किशन ने कहा, उन्होंने संन्यास ले लिया है। मुझे पता है कि उनके लिए यह सही समय था और उन्हें लगा कि अब यही सही फैसला है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सभी समझते हैं कि उन्होंने इस देश को कितना कुछ दिया है। उन्होंने जिस तरह क्रिकेट खेला और युवा खिलाड़ियों को जितना प्रेरित किया, वह सबसे अहम है।' ईशान ने आगे कहा, 'जब उन्होंने संन्यास लिया तो जाहिर तौर पर सभी को बुरा लगा, लेकिन अब भी हम उन्हें मैदान पर और टीवी पर देख सकेंगे। उन्होंने देश के लिए जो किया है, उससे बहुत खुशी होती है। शायद बहुत कम खिलाड़ी ऐसा कर पाए हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 17 नवंबर को आधिकारिक तौर पर घोषणा की थी कि महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2027 से पहले टीम के मेंटर की नई भूमिका निभाएंगे। इस फैसले के साथ ही आईपीएल में उनके शानदार खिलाड़ी करियर का अंत हो गया। धोनी आईपीएल के पहले सीजन यानी 2008 से इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे। वह लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स की पहचान बने रहे। कप्तान, फिनिशर और बेहतरीन विकेटकीपर के तौर पर उन्होंने आईपीएल में अपनी अलग पहचान बनाई। 45 वर्षीय धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच बार आईपीएल का खिताब जीता। टीम ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में ट्रॉफी अपने नाम की। इसके अलावा चेन्नई ने 2010 और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 का खिताब भी जीता।

अजेय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम, चीन को चुनौती

भोपाल। एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के बाद शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम आज एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के अपने चौथे राउंड रॉबिन मुकाबले में चीन से भिड़ेगी। तीन मुकाबलों में लगातार तीन जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय टीम की नजरें चीन के खिलाफ जीत हासिल कर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखने पर होंगी। चीन मौजूदा ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट टीम है और इस टूर्नामेंट की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम भी है।

भारत ने एशियन गेम्स के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। टीम इस समय तीन मैचों में नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। जापान के भी नौ अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर वह दूसरे स्थान पर है। वहीं, चीन तीन मैचों में चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर मौजूद है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है।

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में मलेशिया को 4-1 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में भारत ने थाईलैंड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम की युवा स्ट्राइकर मुमताज खान अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने तीन बेहतरीन फील्ड गोल दागकर गोल स्कोरर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

इंदौर पत्रकार एकादश ने भोपाल पत्रकार एकादश को 8 रन से हराया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिवाली मिलन समारोह के मौके पर उज्जैन पत्रकार संघ द्वारा महाकाल ट्रॉफी एवं पत्रकारों के खेल कुंभ का आयोजन किया गया। इसमें इंदौर पत्रकार एकादश एवं भोपाल पत्रकार एकादश के बीच आईबीएस ग्लोबल अकैडमी उज्जैन में रोमांचक मुकाबला हुआ। इस दौरान उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, आयोजक समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। इंदौर पत्रकार टीम की ओर से कप्तान हेमंत शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजकुमार ने 40 रन और शुभम ने 55 रन की पारी खेली। इंदौर की टीम ने 17 ओवरों में 132 रन का लक्ष्य खड़ा किया। भोपाल के रामेश्वर भार्गव ने 4 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट हासिल किए और प्रकाश ने 4 ओवर में



28 रन देकर 2 विकेट लिए। मोहन और संजय ने एक-एक विकेट लिए। 132 रन का लक्ष्य इस मैदान पर चुनौतीपूर्ण था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल पत्रकार एकादश की शुरुआत बहुत ही खराब हुई। उन्होंने 5 विकेट मात्र 12 रन पर खो दिए। ऐसा लगा कि मैच एकतरफा हो जाएगा, लेकिन इसके बाद अजय और विवेक ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए मैच को आगे बढ़ाया। इंदौर टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए निलेश करोसिया ने 3 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। शुभम और नवीन यादव ने दो-दो विकेट लिए। इंदौर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ रखी और अंत में इंदौर ने यह रोमांचक मुकाबला 8 रन से जीत लिया। इस मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी के लिए राजकुमार को बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट फील्डर के रूप में नवीन यादव को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट गेंदबाज नीलेश करोसिया रहे और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला रामेश्वर को। इस मुकाबले में इंदौर की ओर से हेमंत शर्मा (कप्तान), राजकुमार (उप कप्तान), अखिल सोनी, विनोद दीक्षित, शुभम, परीक्षित यादव, तनिष्क शर्मा, नवीन यादव, तरुण यादव, मयंक यादव, निलेश करोसिया और राहुल शर्मा टीम में रहे।

डॉक्टर अपॉइंटमेंट के नाम पर 1 लाख की साइबर ठगी

पुलिस ने कोर्ट के आदेश से वापस दिलाई पूरी राशि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सीएचएल हॉस्पिटल में डॉक्टर का अपॉइंटमेंट बुक करने के झांसे में आकर एक महिला से 1 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर क्राइम ब्रांच की साइबर फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश से ठगी गई पूरी 1,00,000 रुपए की राशि वापस दिला दी है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, इंदौर निवासी एक महिला सीएचएल हॉस्पिटल में डॉक्टर से मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने गूगल पर अस्पताल का संपर्क नंबर खोजा और मिले नंबर पर कॉल किया। फोन उठाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद को अस्पताल से जुड़ा बताते हुए उन्हें भरोसे में लिया और अपॉइंटमेंट प्रक्रिया के नाम पर एक फर्जी लिंक भेज दी। आवेदिका ने जैसे ही लिंक पर क्लिक कर निर्देशानुसार प्रक्रिया पूरी की, साइबर ठग ने उनके साथ 1 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने तुरंत एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने तकनीकी और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई आगे बढ़ाई, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर पीड़ित को पूरी 1,00,000 रुपए की रकम रिफंड करा दी गई।

पीतल के बर्तन चुराने वाला गिरोह धराया

1 गिरफ्तार व 4 नाबालिग हिरासत में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में दुकान का ताला चटकाकर पीतल के बर्तन चुराने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही चार नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के पास



से चोरी गए 21 किलोग्राम पीतल के बर्तन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपए आंकी गई है।

छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक, फरियादी मनीष सदानवा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 और 15 नवंबर की रात जीएनटी मार्केट स्थित 'वर्ल्ड वॉर होटल' नामक दुकान से पीतल के बर्तन चोरी हो गए थे। इस दुकान में होटल संचालन में काम आने वाले बर्तनों का विक्रय किया जाता है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। ठोस सुरागों के आधार पर पुलिस ने लाबरिया भेरू निवासी सिद्धार्थ हटकर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके चार नाबालिग साथियों को भी अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए युवक और नाबालिगों के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में चोरी के पूर्व आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

ऑनलाइन गेमिंग में दूसरों के बैंक खाते उपयोग करने वाला गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते से जुड़ी चेकबुक और एटीएम कार्ड के जरिए ऑनलाइन गेमिंग का लेनदेन करने के आरोप में लसूड़िया पुलिस ने एक युवक को दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 50 कोरे चेक बरामद किए गए हैं। पुलिस अब उससे जुड़े नेटवर्क और अन्य संदिग्ध खातों के इस्तेमाल की पड़ताल कर रही है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्कीम नंबर-78 स्थित मुंबई हाउस होटल के सामने खाली मैदान में एक युवक दूसरे के बैंक खाते की चेकबुक व एटीएम लेकर खड़ा है और ऑनलाइन गेमिंग में उनका इस्तेमाल कर रहा है। सूचना पर पहुंची टीम ने मौके से मंदसौर जिले के धारीयाखेड़ी निवासी शुभम पिता विनोद मालवीय को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में शुभम ने कबूला कि उसने बैंक ऑफ इंडिया के एक खाते की चेकबुक और एटीएम कार्ड रतलाम निवासी एक व्यक्ति से 10 हजार रुपए में खरीदे थे, जिनका उपयोग ऑनलाइन गेमिंग के लेनदेन में किया जा रहा था। तलाशी में उसके पास से 50 कोरे चेक और एटीएम कार्ड मिले। पुलिस आरोपित से यह पता लगाने में जुटी है कि उसने और किन लोगों के खाते हासिल किए तथा इस गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं।

ट्रस्ट की जमीन पर कब्जे की कोशिश दीवार गिराकर खोद डाली पानी की टंकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक ट्रस्ट की खाली जमीन पर अतिक्रमण करने, निर्माणाधीन दीवार तोड़ने और पानी की टंकी बनाने का मामला सामने आया है। शिकायत में ट्रस्ट के कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रावजी बाजार पुलिस के अनुसार, यह पूरा घटनाक्रम गोधा कॉलोनी स्थित तीरथबाई स्कूल के पास एक दुकान से जुड़ा है। ट्रस्ट की ओर से यादव नगर निवासी सुनील सिंह पिता रामवरण सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि स्कीम नंबर-103, केसरबाग रोड निवासी आरोपी भरत राज आहूजा ने दुकान के पीछे स्थित ट्रस्ट की भूमि पर कब्जे की नीयत से यह हरकत की। फरियादी के मुताबिक, कमलजीत कौर को केवल दुकान का हिस्सा बेचा गया था, जबकि पीछे की भूमि ट्रस्ट के स्वामित्व की है। जब ट्रस्ट सदस्यों ने आरोपी को यह बात बताई तो वह उस हिस्से पर भी अपना हक जताते हुए विवाद करने लगा। पुलिस के अनुसार, खाली जमीन को सुरक्षित रखने के लिए ट्रस्ट ने 20 नवंबर की दोपहर करीब 2 बजे दुकान क्रमांक-09 की दीवार से सटाकर नई दीवार बनवाना शुरू किया। आरोप है कि इसी दौरान भरत राज आहूजा ने मौके पर काम कर रहे ट्रस्ट के प्रोजेक्ट विभाग के मेसन शिवप्रसाद विश्वकर्मा को धमकाया और देख लेने की चेतावनी दी। इसके अगले दिन यानी 21 नवंबर को आरोपी ने निर्माणाधीन दीवार को तोड़कर नुकसान पहुंचाया और खाली जमीन में गड्ढा खोदकर पानी की टंकी तैयार कर ली। समझाइश के बावजूद न मानने पर ट्रस्ट की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

मैंने कई वाहन उठाए, मुझे कौन धकाए...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। मध्य क्षेत्र के ईमामबाड़ा के समीप से क्रेन ने कई वाहन उठाए, जिसके बाद क्रेन बंद हो गई, जब चालक ने कई प्रयास किए तो भी चालू नहीं हुई तो कर्मचारियों को धक्का लगाने के लिए कहा गया, जिसके बाद कई वाहनों को उठाने वाली क्रेन को धक्का लगाकर चालू करने के प्रयास किए गए।



वाहन साइड करने के विवाद में युवक से मारपीट, आरोपी पर केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधीनगर थाना क्षेत्र में वाहन को साइड में लगाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, विवाद की यह घटना गांधीनगर के शंकर कॉलोनी स्थित खाली मैदान में बीते दिन हुई। फरियादी अनिल पिता राजू तडवी ने पुलिस को बताया कि गाड़ी साइड करने की बात पर आरोपी देवेंद्र दशोरे निवासी शंकर कॉलोनी ने उनके और उनके भांजे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अनिल और उनके भांजे ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी।

दुकान को लेकर विवाद, बिल्डर से मारपीट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के सिल्वर स्प्रिंग में एक बिल्डर के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। टावर चौराहा क्षेत्र स्थित एक दुकान को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने हमला किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार दोपहर सिल्वर स्प्रिंग क्षेत्र में हुई, जिसमें विपुल बमन घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने नितिन, अर्पित और गौरव सहित अन्य लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, विवाद टावर चौराहा क्षेत्र की दुकान से जुड़ा हुआ है। तेजाजी नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

युवक के खाते से 54 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। साइबर ठगी का एक नया मामला किशनगंज थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक युवक के बैंक खाते से अज्ञात जालसाज ने 54 हजार रुपए ऑनलाइन उड़ा दिए। बैंक से पैसे कटने के एसएमएस आते ही पीड़ित के होश उड़ गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशनगंज पुलिस के अनुसार, कमला नगर निवासी जॉनसेन अब्राहम पिता जोसेफ अब्राहम ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि मोबाइल पर खाते से राशि कटने के मैसेज मिलने पर वे तुरंत बैंक पहुंचे और स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट खंगालने पर पता चला कि अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी करते हुए उनके खाते से 54 हजार रुपए की राशि ऑनलाइन निकाल ली है। ठगी का अहसास होते ही फरियादी ने तुरंत अपना बैंक खाता ब्लॉक कराया और साइबर सेल व किशनगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पटाखा कचरा विवाद में महिला से मारपीट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधीनगर क्षेत्र अंतर्गत अरिहंत नगर में घर के सामने पटाखों से फैले कचरे को लेकर हुए झगड़े में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मां और बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार, अरिहंत नगर निवासी फरियादिया रेखा पति राजेश सोलंकी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि घर के सामने पटाखे चलाने के बाद जमा हुए कचरे को लेकर आरोपी मुकेश और उसकी मां ने विवाद किया तथा अपशब्द कहे। फरियादिया के अनुसार, जब उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

सम्पादक : महेश मूंगड़। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com